# हिंदी डेली

आपकी बात– हमारे साथ

dailyhindihyd@gmail.com | E-paper-hindidailyweb.in | http://hindidaily.net

VOLUM NO : 14 ISSUE NO : 175 Saturday , 18 May 2024 शनिवार , १८ मई 2024 HYDERABAD 8 PAGES RS.1.00





## सार संक्षेप

### अनुच्छेद 370 को कब्रिस्तान में गाड़ दिया, दुनिया की कोई ताकत दोबारा नहीं ला सकती, शिवाजी पार्क में गरजे मोदी



**मुंबई: 17 मई (एजन्सी),**

लोकसभा चुनाव के पांचवें और महाराष्ट्र में अंतिम चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई में दादर स्थित शिवाजी पार्क मैदान पर बीजेपी गठबंधन दल महायुति की चुनावी जनसभा हो रही है। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुंबई शहर सिर्फ सपने देखता नहीं, उन्हें जीता भी है। इस सपनों के शहर में मैं 2047 का सपना लेकर आया हूं। एक सपना, एक संकल्प, विकसित भारत बनाने का। इसमें मुंबई की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी के बाद गांधी जी की सलाह पर अगर कांग्रेस को भंग कर दिया होता तो आज भारत कम से कम पांच दशक आगे होता। आजादी के बाद भारत की सभी व्यवस्थाओं का जो कांग्रेसीकरण हुआ उसने देश के पांच दशक बर्बाद किए हैं।

### देश के इतिहास में ऐसा पहली बार... स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में मोहन यादव का बड़ा बयान

**भोपाल: :17 मई (एजन्सी),**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के अंदर पार्टी की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट के लिए लोग आम आदमी पार्टी (आप) को कभी माफ नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार द्वारा मालीवाल पर कथित हमले के संबंध में बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की।

सूत्रों के मुताबिक मालीवाल ने अपनी पुलिस शिकायत में कुमार को 'मुख्य व्यक्ति' बताया है, जिसने कथित तौर पर उन पर हमला किया था जब वह सोमवार को केजरीवाल से मिलने गई थीं। घटना पर चुप्पी साधने के लिए भाजपा ने आप प्रमुख केजरीवाल पर निशाना साधा है। यादव ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाल दिया गया और फिर उनके आवास के अंदर एक व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार किया गया। वह (केजरीवाल) इस मामले में कुछ नहीं कर रहे हैं। यह निराशाजनक है क्योंकि वह (मालीवाल) पार्टी की बड़ी नेता हैं और हमारे देश में महिलाओं को देवी की तरह माना जाता है।केजरीवाल स्थिति स्पष्ट करें मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) और उसके नेताओं को कभी माफ नहीं

# बिहार के लिए पीएम मोदी का प्रोग्राम फिक्स, इस बार भी पाटलिपुत्र की धरती पर गुजारेंगे रात

**पटना: 17 मई (एजन्सी),**

एक दिन रुक कर रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर बिहार में दमखम दिखाने की तैयारी में हैं। विपक्ष के हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें एक बार फिर से और मिर्च लगाते हुए नजर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से पटना आ रहे हैं। इतना ही नहीं वो रात्रि विश्राम भी पाटलिपुत्र की धरती पर ही करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 मई को दो दिवसीय बिहार दौरे का प्लान बना लिया है।



**20 मई को पटना आएंगे पीएम मोदी**

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 मई को पटना आएंगे। यहां रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन यानी 21 मई को बिहार के दिवंगत पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ये मुलाकात उनके पटना स्थित आवास पर होगी। इसके बाद वो सिवान और महाराजगंज में गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। इससे पहले 19 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बेतिया में अपनी चुनावी रैली करेंगे।

**क्या बदलने वाली है बिहार की तस्वीर?**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान लगातार बिहार के दौरे पर आ रहे हैं। बिहार में न केवल जनसभाएं कर रहे हैं, बल्कि हर चरण के चुनाव में उनकी लगभग दो रैलियां हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी पटना में अपना रोड शो भी किया था। नरेंद्र मोदी की लगातार यात्राओं को लेकर अब कई तरह की अटकलें लगाई जा रही है। पटना में रात्रि विश्राम भी करेंगे पीएम

जहां एक तरफ विपक्ष भाजपा के कमजोर होने की बात कह कर पीएम मोदी का मजाक उड़ा रहा है। वहीं, इस बात कि चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 5 साल के दौरान बिहार का कायाकल्प करने की ठान ली है। तभी तो वो लगातार जनसभाएं कर रहे हैं। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव के दौरान एकमात्र रोड शो किया। उसके लिए भी बिहार की राजधानी पटना को चुना। माना जा रहा है की चुनाव के बाद बिहार की तस्वीर जल्द बदलने वाले हैं।

## नई मुसीबत में केजरीवाल,

### स्वाति मालीवाल मामले से AAP की चुनावी गाड़ी पर पड़ेगा असर?



**नई दिल्ली 17 मई (एजन्सी),**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत 25 मई को दिल्ली की सातों सीटों पर वोटिंग होनी है। मतदान से पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर बड़ी राहत दी। केजरीवाल ने भी तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद आनन-फानन में दिल्ली में चुनाव प्रचार और रोड शो शुरू कर दिए। केजरीवाल अपने चुनावी प्रचार के दौरान बीजेपी पर जमकर हमलावर हैं। केजरीवाल जिस अंदाज में बीजेपी के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं उसने 'इंडिया गठबंधन' में जान फूंकने का काम किया है। लेकिन केजरीवाल के सामने अब एक नया संकट खड़ा हो गया है। ताज्जुब की बात यह है कि केजरीवाल के दो नेता ही आमने-सामने हैं। मामला काफी गंभीर हो गया है। दरअसल आम आदमी पार्टी (AAP) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में केस भी दर्ज हो गया है। दिल्ली पुलिस तेजी से मामले की जांच कर रही है। उधर इस घटना के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। बीजेपी के नेता आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर हमलावर हैं। क्या स्वाति मालीवाल मारपीट मामले का असर केजरीवाल के चुनावी प्रचार पर पड़ेगा? इस बात को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## ओडिशा बदलाव के लिए तैयार है... सुंदरगढ़ में अमित शाह ने नवीन सरकार पर बोला हमला

**ओडिशा 17 मई (एजन्सी),**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सुंदरगढ़ में आयोजित जनसभा में नवीन पटनायक सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि ओडिशा बदलाव के लिए तैयार है. ओडिशा मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि आप भाजपा सरकार बना दो, सरकार तीन महीने में आयुष्मान भारत का खर्चा देगी. नवीन पटनायक की सरकार झोला सरकार है. मोदी सरकार पांच किलो चावल भेजते हैं और नवीन बाबू अपना झोला लगाकर देते हैं.

अमित शाह ने कहा कि ओडिशा से बहुत सारे लोग रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में जाते हैं. मोदी सरकार ने वन नेशन, वन राशन कार्ड शुरू किया है, लेकिन नवीन सरकार ने इसे लागू नहीं किया है. अमित शाह ने कहा कि नवीन बाबू के शासन में अफसर शासन चलाते हैं. इसलिए आदिवासियों की जमीन छीन ली जाती है. मोदी सरकार ने



आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया है. आदिवासियों और एसटी के बजट में इजाफा किया गया है.उन्होंने कहा कि नवीन पटनायक की सरकार ओडिशा का भला नहीं कर सकती है. केवल मोदी सरकार ही ओडिशा और देश का भला कर सकती है. उन्होंने दावा किया कि देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में 400 से ज्यादा सीटों पर एनडीए जीत हासिल करेगी. इसके साथ ही ओडिशा में 75 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी.अमित शाह ने कहा किचार चरण के परिणाम को जानना है क्या? पीएम मोदी 270 सीट पार कर चुके है और 400 सीट की ओर बढ़ रहे हैं. ओडिशा में भी मोदी जी की सरकार बनानी है. नीचे भी कमल उपर भी कमल. ओडिशा में डबल परिवर्तन होने वाला है.पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का चुनाव है.

उन्होंने कहा किओडिशा में नवीन बाबू को निकालकर विकास करने का चुनाव है. राम उत्सव मनाने से जिन्होंने रोका , उन्हें वोट देना चाहिए क्या? खरगे जी कहते थे ओडिशा वाले को कश्मीर से क्या लेना-देना? अरे, खरगे जी राउरकेला का बच्चा-बच्चा अपने कश्मीर के लिए जान दे देगा.कांग्रेस ने कभी आदिवासी को राष्ट्रपति नहीं बनाया

शाह ने कहा किकांग्रेस पार्टी ने कभी आदिवासी राष्ट्रपति नहीं बनाया है. पीएम मोदी ने आदिवासी राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया है.जगन्नाथ मंदिर को अपमान करने का प्रयास किया गया. नवीन बाबू रत्न भंडार की ऑरिजनल चाबी कहां है? जनता जानना चाहती है. डुप्लीकेट चाबी से किसने खोलने का प्रयास किया. किसान भाईयों को कहना चाहता हूं कि भाजपा की सरकार बना दो, आपका धान 3100 रुपये क्विटल खरीदेन का काम करेगी.

## ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक को जान से मारने की धमकी, हावड़ा में मिले पोस्टर

**बंगाल 17 मई (एजन्सी),**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और उनके भतीजे, पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी को जान से मारने की धमकी दी गई है. धमकी वाला एक पोस्टर शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलुबेरिया में मिला है. पुलिस ने यह जानकारी दी कि सफेद कपड़े के टुकड़े पर हरी स्याही से हस्तलिखित पोस्टर उलुबेरिया के फुलेश्वर इलाके में एक निर्माण स्थल से बरामद किया गया, जहां 20 मई को लोकसभा चुनाव होने हैं.बांग्ला में लिखे पोस्टर में लिखा है कि मैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को कार से टक्कर मारकर मार डालूंगा. इसके बाद सभी लोग दीये जलाएंगे. मेरे पास एक गुप्त पत्र है. पोस्टर ईंटों के ढेर पर लटका हुआ पाया गया.

पीटीआई के अनुसार पुलिस अधिकारी



ने बताया कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गुप्त पत्र का क्या मतलब है. यह एक शरारत हो सकती है. हमें यह पता लगाना होगा कि क्या इसमें कोई एक व्यक्ति या समूह शामिल था?आदिवासियों का छीना जा रहा है अधिकार: ममता

इस बीच, ममता बनर्जी ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर आदिवासियों के अधिकारों को छीनने और विभिन्न पिछड़े समुदायों के बीच कलह पैदा करने की योजना बनाने का आरोप लगाया. टीएमसी के झाड़ग्राम लोकसभा उम्मीदवार कालीपद सोरेन के समर्थन में एक चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य एनआरसी लागू करके आदिवासियों को उखाड़ना है, अंततः उन्हें उनके भूमि अधिकारों से वंचित करना है. उन्होंने कहा, “हमने यह सुनिश्चित करने के लिए पहले ही एक कानून पारित कर दिया है कि आदिवासी अपनी पैतृक भूमि पर निवास कर सकें.”उन्होंने कहा, “बीजेपी एनआरसी के जरिए आदिवासियों, कुर्मियों और अन्य पिछड़ी जातियों को बाहर निकालना चाहती है और समान नागरिक संहिता लाकर उनके बीच लड़ाई कराना चाहती है, लेकिन मैं अपनी आखिरी सांस तक उनकी रक्षा करने की कसम खाती हूं.”

राज्य में 18 सीटों पर हो चुका है मतदान

बता दें कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा की कुल 42 सीटें हैं. इनमें से 18 सीटों पर चार चरणों में मतदान हो गया है, जबकि तीन चरणों में 24 सीटों पर अभी मतदान होना बाकी है. तीन चरणों में मतदान को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो गया है. चुनाव प्रचार में टीएमसी, बीजेपी, माकपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर जमकर हमला बोल रहे हैं.

# पांचवें चरण की 49 सीटों का लेखा-जोखा, जानें कैसे बीजेपी के लिए सबसे मुफीद बन रहा ये फेज?

**दिल्ली 17 मई (एजन्सी),**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर सोमवार यानी 20 मई को वोटिंग होगी है. इस चरण में 695 उम्मीदवार मैदान में है, जिसमें 82 महिलाएं और 613 पुरुष कैंडिटेट शामिल हैं. इस चरण में राहुल गांधी से लेकर स्मृति ईरानी, राजनाथ सिंह, पीयूष गोयल, रोहिणी आचार्य और चिराग पासवान जैसे



दिग्गज नेताओं की अग्निपरीक्षा होने के साथ-साथ बीजेपी , कांग्रेस और टीएमसी जैसे राजनीतिक दलों का इम्तिहान होना है. पांचवें फेज का जिन सीटों पर चुनाव है, 2014 और 2019 में बीजेपी उन पर अपना एकछत्र राज कायम रखा है. कांग्रेस के लिए इस चरण में होने के लिए भले ही कुछ नहीं है, लेकिन बीजेपी को सत्ता की हैट्रिक से रोकने के लिए अपनी दमखम दिखाना होगा?पांचवें चरण में देश के 8 राज्यों की 49 सीटों पर चुनाव है, जिसमें उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीट शामिल है. इसके अलावा महाराष्ट्र की 13 सीट, पश्चिम बंगाल की 7 सीट, बिहार की पांच सीट, ओडिशा की पांच सीट, झारखंड की 3 सीट, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की 1-1 सीट शामिल हैं. इस चरण में राजनीतिक दलों के साथ-साथ गांधी परिवार के सियासी वारिस माने जाने वाले राहुल गांधी की भी परीक्षा होनी है. इसके अलावा लालू परिवार से पासवान और शिंदे परिवार सहित कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है.

## कामारेड्डी में यौन दुराचार के आरोप में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी गिरफ्तार

**हैदराबाद 17 मई (एजन्सी),**

पुलिस ने गुरुवार, 16 मई को कामारेड्डी जिले में एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को गिरफ्तार किया, जब कई महिला अधीनस्थों ने उसके खिलाफ यौन दुराचार की शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं ने पुलिस से संपर्क कर दावा किया कि अधिकारी काम के बहाने उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहा था और अक्सर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहा था। कुछ मामलों में, उसने कथित तौर पर महिलाओं का हाथ भी पकड़ लिया।

तीन दिन पहले, पांच महिलाओं की शिकायतों के बाद, पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं। बुधवार को, दो अतिरिक्त महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उन्हें भी उसी अधिकारी द्वारा परेशान किया गया था। कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें एक साल से अधिक समय से प्रताड़ित किया जा रहा था।

## आरएमपी नेता हरिहरन गिरफ्तार, सीपीएम नेता केके शैलजा-मंजू वारियर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

**केरल 17 मई (एजन्सी),**

केरल में रिवोल्यूशनरी मार्क्सवादी पार्टी (आरएमपी) नेता केएस हरिहरन को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनपर सीपीआई(एम) नेता केके शैलजा और मलयालम फिल्म अभिनेत्री मंजू वारियर के खिलाफ टिप्पणी करने का आरोप है। एक अधिकारी ने बताया कि वडकारा पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी दर्ज की और फिर स्टेशन जमानत पर उन्हें रिहा कर दिया गया।

बता दें कि जब किसी आरोपी को गिरफ्तारी के बाद और अदालत में पेश करने से पहले थाने से जमानत दी जाती है, उसे स्टेशन जमानत कहते हैं। यह कम गंभीर अपराधों के मामलों में दिया जाता है। 11 मई को वडकारा में एक बैठक के दौरान हरिहरन ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। उनके खिलाफ अखिल भारतीय लोकतांत्रिक महिला संघ (एआईडीडब्ल्यूए) की शिकायत के आधार पर ही उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।12 मई को दर्ज किया गया था मामला पुलिस ने 12 मई को हरिहरन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 509 और 153 के तहत मामला दर्ज किया। स्टेशन जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। हरिहरन ने कहा, "केरल में कई लोग अपनी भाषा में

## माधापुर में कार का हंगामा, दूध व्यापारी की मौत



**हैदराबाद 17 मई (एजन्सी),**

माधापुर थाना क्षेत्र में एक कार ने हंगामा खड़ा किया। मिली जानकारी के अनुसार, पंजागुट्टा से हाईटेक सिटी जा रही एक कार माधापुर स्टेज पर पहुंची और अचानक अनियंत्रित हो गई। बाद में वह सड़क किनारे एक दूध व्यापारी से जा टकराई।इस हादसे में दूध व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पाया कि ड्राइवर नशे की हालत में कार चला रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर लिया है। इस घटना की पूरी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

# संपादकीय

## दूरगामी समझौता

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर सोमवार को हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है।

आठ साल का इंतजार : इस समझौते के प्रयास काफी पहले से चल रहे थे। चाबहार को लेकर दोनों देशों में पहला समझौता 2016 में हुआ। 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी की भारत यात्रा के दौरान इस पोर्ट पर भारत की भूमिका बढ़ाने का मसला प्रमुखता से उठा। बाद में कोविड-19 महामारी और ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते यह प्रक्रिया कुछ धीमी पड़ी, लेकिन आखिरकार समझौता हो गया। वैकल्पिक रूट : समझौते का एक अहम पहलू यह है कि इससे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह ही नहीं, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशटिव (BRI) को भी बैलेंस करने में मदद मिल सकती है। भारत चाबहार पोर्ट की बदौलत पाकिस्तान को बाइपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बना सकता है। मध्य एशियाई देश : पाकिस्तान मध्य एशियाई देशों को इस बात के लिए लुभाने की कोशिश करता रहा है कि वे हिंद महासागर क्षेत्र तक पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करें। दूसरी तरफ भारत इस तथ्य को समझ रहा था कि चाबहार बंदरगाह उन देशों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। अब इस संभावना को ठोस रूप देना आसान होगा। टाइमिंग का सवाल : समझौते की टाइमिंग भी इसे संवेदनशील बना रही थी। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था।

अमेरिकी प्रतिक्रिया : समझौते की घोषणा के बाद अमेरिका ने हालांकि यह कहते हुए परोक्ष चेतावनी दी कि जो कोई भी ईरान के साथ किसी तरह के समझौते में जाता है, उसे इसमें निहित संभावित प्रतिबंधों के खतरे से वाकिफ होना चाहिए। लेकिन इस बयान का स्वरूप भी बता देता है कि यह औपचारिकता ज्यादा है और चेतावनी कम। इस मामले में विदेश मंत्री जयशंकर का यह कहना ज्यादा अहम है कि अमेरिका को इससे कोई दिक्कत नहीं है।

स्वतंत्र नीति : जयशंकर के बयान का अगला हिस्सा विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा कि 'वैसे भी मेरे और ईरान के बीच में अगर कुछ होता है तो वह मेरे और ईरान के बीच की बात है।' जाहिर है, भारत अपने राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित स्वतंत्र नीति की अपनी राह से विचलित नहीं होने वाला।

# नशे में दुर्व्यवहार के लिए निलंबित किए गए लॉर्ड कुलवीर रेंजर; बार में प्रवेश पर बैन की भी अनुशंसा

हाउस ऑफ लॉर्ड्स में ब्रिटिश सिख सहकर्मी लॉर्ड कुलवीर रेंजर को नशे में दुर्व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस बाबत, ब्रिटेन की संसद की आचरण समिति ने अपनी रिपोर्ट भी जारी कर दी है।

इस रिपोर्ट में आचरण समिति ने कहा है कि ब्रिटिश सिख सहकर्मी लॉर्ड कुलवीर को हाउस ऑफ लॉर्ड्स में नशे की घटना के बाद धमकाने और उत्पीड़न पर आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ऐसे में उन्हें तीन सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, एक साल के लिए उनके संसद के बार में भी प्रवेश पर रोक लगाने की भी अनुशंसा की गई है।



जानकारी के मुताबिक, अपने आचरण के लिए लॉर्ड कुलवीर रेंजर ने माफी भी मांगी है। अब अगले महीने की शुरुआत में सदन की बैठक फिर से शुरू होने के बाद मंजूरी के निष्कर्षों पर सहमति के लिए उनकी रिपोर्ट अब लॉर्ड्स के समक्ष पेश की जाएगी। इस रिपोर्ट में काफी विस्तार से बताया गया है कि कैसे दो शिकायतकर्ताओं पर उन्होंने अनुचित टिप्पणियां की और उन्हें धमके देने के साथ ही उनकी पिटाई भी की। समिति की यह रिपोर्ट हाउस ऑफ लॉर्ड्स के मानक आयुक्त मार्टिन जेली के नतीजों पर आधारित है। उन्होंने घटना के बाद निष्कर्ष निकाला था कि कुलवीर रेंजर ने संसदीय आचार संहिता के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन किया है। इससे पहले, शिकायतकर्ताओं, आचार संहिता के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन किया है। इससे पहले दोनों शिकायतकर्ताओं ने 17 जनवरी की घटना के बाद फरवरी में रेंजर के व्यवहार के बारे में शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि जब वे लॉर्ड्स में स्ट्रेंजर्स बार में थे उस वक्त कुलवीर रेंजर ने बिना उनको जाने उनके पास आए। इस दौरान दोनों ने उनसे बात की। हालांकि वह बेहद नशे में धुत लग रहे थे। इस दौरान कुलवीर दोनों शिकायतकर्ताओं पर चिल्लाया और गाली देकर उनके निजी स्थान पर हमला कर दिया। इसके बाद वहां मौजूद अन्य लोगों ने रेंजर को बार से बाहर निकाला।

# नौकरी के लिए कंबोडिया जाने वाले भारतीय ध्यान दें, MEA से मान्यता प्राप्त एजेंट्स पर ही करें भरोसा

कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने नौकरी के लिए कंबोडिया जाने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सलाह (एडवाइजरी) जारी की है। इसमें बताया गया है कि भारतीय विदेश मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एजेंट्स पर ही भरोसा करें।

अगर आप रोजगार की तलाश में कंबोडिया जा रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए है। दरअसल कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने नौकरी के लिए कंबोडिया जाने वाले भारतीयों के लिए सलाह (एडवाइजरी) जारी की है। इसमें बताया गया है कि भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट्स पर ही भरोसा करें। एडवाइजरी में इस बात पर जोर दिया गया है कि नौकरियों को लेकर धोखाधड़ी के काफी मामले सामने आ रहे हैं। कई एजेंट्स द्वारा लोगों से पैसा लिया जाता है और उसके बाद धोखाधड़ी को अंजाम दिया जाता है।

'नौकरी तलाश रहे लोग बेहद सावधान रहें'

कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने कहा 'नौकरी तलाश रहे लोग इस बारे में हम से भी संपर्क कर सकते हैं।' दूतावास ने बताया कि भारतीय नागरिकों के साथ



विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। यह भी बताया गया है कि भारतीय नागरिकों को थाईलैंड में भी रोजगार का लालच दिया जा रहा है।

नौकरी के नाम पर मिल रहा है धोखा

कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि कुछ डिजिटल सेल्स और मार्केटिंग कंपनियां नौकरी ने नाम पर भारतीय लोगों को धोखा दे रही हैं। इनमें से कई कंपनियां थाईलैंड और लाओस में कॉल-सेंटर घोटालों और क्रिप्टो-करेंसी धोखाधड़ी में शामिल रही हैं।

'भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यता प्रप्त एजेंट्स पर ही भरोसा करें'

एडवाइजरी में बताया गया है कि भारत के लोग अगर नौकरी के लिए कंबोडिया या दक्षिण-पूर्व एशिया जा रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि फर्जी एजेंट्स से सावधान रहें। फर्जी एजेंट्स इन क्षेत्रों से अपना कारोबार चला रहे हैं और इस मिली-भगत में भारतीय एजेंट्स भी शामिल हैं। इन सभी के द्वारा भारतीय नागरिकों को रोजगार का लालच देकर भ्रष्टाचार और साइबर अपराधों में फंसाया जा रहा है। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास का कहना है कि अगर भारतीय नागरिक कंबोडिया में रोजगार तलाशने आ रहे हैं, तो भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट्स से ही संपर्क करें।

# वीकेंड पर बढ़ेगा गर्मी का सितम, दिल्ली-NCR समेत पूरे उत्तर भारत में 45 डिग्री तक चढ़ेगा पारा

सूरज आग उगलने लगा है। गर्मी ने सबके पसीने छुटा दिए हैं। दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप है। कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री के पार हो गया है। आने वाले दिनों में गर्मी का सितम और बढ़ने वाला है। दिल्ली-एनसीआर में इस वीकेंड पारा 45 डिग्री तक पहुंचने के आसार है। आने वाले दो से तीन दिनों में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में तापमान 44 से 45 डिग्री रहने तक रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिए हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है।




इन राज्यों में 'लू' का कहर ज्यादा

इस वीकेंड दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में 'बहुत गर्म हवा' चलने का अनुमान है। इन राज्यों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है, इसका मतलब है कि खासकर बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए ये गर्मी बहुत नुकसानदायक हो सकती है। भारत मौसम विभाग (IMD) ने बताया है कि आने वाले पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम भारत में बहुत गर्मी पड़ेगी।

45 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, 17 से 20 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में और 18 से 20 मई के दौरान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ने की संभावना है. दिल्ली में शनिवार तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

मौसम विभाग ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है. साथ ही उन्होंने यह भी बताया है कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए ये गर्मी बहुत खतरनाक हो सकती है। ज्यादा देर धूप में रहने या ज़ोर का काम करने वालों को भी लू लगने का खतरा ज्यादा है। 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी एक नई गर्मी की लहर शुरू हो सकती है।

मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, गंगा के किनारे वाले पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए 'यलो चेतावनी' जारी की है। विभाग ने पहले ही मई में उत्तरी मैदानी इलाकों और मध्य भारत में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने की आशंका जताई थी। आमतौर पर मई में उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में करीब तीन दिन लू चलती है। इस साल अप्रैल में पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी थी। इसकी वजह से सरकारी एजेंसियों ने लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी थी और कुछ राज्यों में स्कूलों में छुट्टियां कर दी गई थीं। कई जगहों पर अप्रैल में अब तक की सबसे ज्यादा गर्मी रिकॉर्ड की गई, तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

# केंद्रीय कर्मियों को मिलेगी 54 फीसदी महंगाई भत्ते की सौगात, कब होगा 8वें वेतन आयोग का गठन?

केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत में चार फीसदी की बढ़ोतरी संभव है। यानी पहली जुलाई से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर 54 फीसदी पर पहुंच जाएगी। मौजूदा समय में केंद्रीय कर्मियों को 50 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता 'डीए' मिल रहा है। नियम है कि महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई घोषणा नहीं हुई है। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी.श्रीकुमार का कहना है, कर्मियों के डीए की मौजूदा दर 50 प्रतिशत है। इसमें पहली जुलाई से चार फीसदी की बढ़ोतरी हो जाएगी। महंगाई तो लगातार बढ़ रही है। किसी महीने में कुछ प्वाइंट का अंतर आ जाता है, लेकिन जब जनवरी 2024 से 30 जून 2024 तक का चार्ट बनेगा तो उसके आधार पर डीए/डीआर में कम से कम चार फीसदी की बढ़ोतरी होना तय है। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद केंद्र सरकार के समक्ष आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग रखी जाएगी। मार्च अप्रैल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुद्रास्फीति ...




अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) संख्या पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर अप्रैल 2024 (अप्रैल, 2023 से अधिक) महीने के लिए 4.83 प्रतिशत (अनंतिम) है। ग्रामीण और शहरी के लिए मुद्रास्फीति दर क्रमशः 5.43 प्रतिशत और 4.11 प्रतिशत है। जनवरी, फरवरी और मार्च 2024 के महीनों के लिए सीपीआई क्रमशः 5.10, 5.09 और 4.85 रहा है। शीर्ष पांच समूहों में, 'कपड़े और जूते', 'आवास' और 'ईंधन और प्रकाश' समूहों पर साल-दर-साल मुद्रास्फीति पिछले महीने से कम हुई है। मुद्रा स्फीति के अंतर्गत अप्रैल 2024 में सीपीआई (सामान्य) ग्रामीण क्षेत्र में 5.43 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 4.11 रहा है। संयुक्त प्रतिशत 4.83 है। इसी क्रम में उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (सीएफपीआई) ग्रामीण क्षेत्र में 8.75 और शहरों में 8.56 प्रतिशत रहा है। संयुक्त प्रतिशत 8.70 है। मार्च 2024 में सीपीआई (सामान्य) ग्रामीण क्षेत्र में 5.51 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 4.14 रहा है। संयुक्त प्रतिशत 4.85 है। इसी क्रम में अप्रैल 2024 के लिए उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति (सीएफपीआई) ग्रामीण क्षेत्र में 8.75 और शहरों में 8.56 प्रतिशत रहा है। संयुक्त प्रतिशत 8.70 है। मार्च 2024 के लिए शहरी क्षेत्र में सीएफपीआई 8.55 और शहरों में 8.41 प्रतिशत रहा है। संयुक्त प्रतिशत 8.52 है।

## तनाव मुक्त जीवन

गीत गायो ऐसे, खो जाए सुधबुध ,
हम भी रहे खुश ,दूजा भी हो खुश ,
तनाव भरी जिंदगी से छुटकारा पाएं ,
सृजन सकारात्मक तो मिले सुख ही सुख !
गीत गायो ऐसे, खो जाए सुधबुध।

दुःख में सुख खोजकर , दुःख को कम करें,
तुलनात्मक दुःख खोजा, उनके गम बड़े ,
चाहतों के घेरों का कुछ संतुलन करें,
आसान हो जायेंगें रास्ते खुदबखुद !
गीत गायो ऐसे, खो जाए सुधबुध। .

क्षण भर भी न विचार शून्य, मन के भंवरें ,
नींद में भी देख रहे , अनगिनत सपने ,
दौड़ती लालसा पर लगा दो विराम ,
कल की फ्रिक में कैसे हो आज तनाव मुक्त !
गीत गायो ऐसे, खो जाए सुधबुध।



गीता अग्रवाल, हैदराबाद

# 'चीन-रूस के संबंधों का उज्वल भविष्य', जिनपिंग बोले- यूक्रेन से समझौते की इच्छा रखते हैं पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा को उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग ने ऐतिहासिक करार दिया है। जिनपिंग ने कहा है कि अमेरिका के विरोध के बावजूद चीन और रूस के बीच रणनीतिक संबंधों की एक ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से युद्ध को समाप्त करने और बातचीत के जरिए समझौता करने की इच्छा व्यक्त की है। जिनपिंग के अनुसार पुतिन ने कहा है कि रूस ने यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत करने से कभी इनकार नहीं किया।

रूस-चीन के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर बात



पुतिन ने चीन के साथ रणनीतिक साझेदारी जारी रखने के लिए एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और जिनपिंग के साथ कई दौर की बातचीत की। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि चीन और रूस के संबंधों का भविष्य उज्ज्वल है। जिनपिंग के अनुसार चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए विकास की व्यापक संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने पर बात'

शी जिनपिंग ने कहा कि उनके और पुतिन के बीच रूस और यूक्रेन में दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को सुलझाने के लिए बातचीत की गई। चीन ने कभी भी सार्वजनिक रूप से रूस के यूक्रेन पर आक्रमण का समर्थन नहीं किया। इससे पहले चीन और रूस की रणनीतिक साझेदारी पर अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा आपत्ति जताई गई थी। जिनपिंग ने कहा कि उनके और पुतिन के बीच मजबूत संबंध चीन के प्रति अमेरिका की बढ़ती दुश्मनी का जवाब हैं। चीन यात्रा के दौरान पुतिन ने कहा था 'अब हमें यह समझना होगा कि हमें किसके साथ और कैसे व्यापार करना चाहिए। ताइवान के विदेश मंत्री ने दी चेतावनी

उधर पुतिन की चीन यात्रा पर ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू का कहना है कि रूस और चीन अपनी प्रादेशिक पहुंच को बढ़ाने के लिए एक दूसरे की मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देशों को इसका विरोध करना चाहिए क्योंकि चीन और रूस की विस्तारवादी नीति से अन्य देशों के अधिकारों और संप्रभुता को खतरा है।

# मां पीतांबरा पीठ के दर्शन मात्र से पूरी होती हैं मनोकामनाएं

देश में बहुत से देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिनमें कुछ न कुछ ऐसे चमत्कार मिलते हैं जिन्हें वैज्ञानिक भी नहीं सुलझा पाए हैं. इन्हीं मंदिरों के बीच एक चमत्कारी देवी मंदिर मध्यप्रदेश के दतिया में भी मौजूद है, जिन्हें राजसत्ता की देवी भी कहा जाता है. बगलामुखी देवी के इस रूप को शत्रु नाश की अधिष्ठात्री देवी भी माना जाता है. राजसत्ता की इच्छा रखने वाले भक्त यहां आकर मां की गुप्त पूजा-अर्चना करवाते हैं.





मां पीतांबरा की स्थापना

मध्यप्रदेश के दतिया जिले में स्थित मां पीतांबरा का प्रसिद्ध सिद्धपीठ है. इस पीठ की स्थापना सिद्ध संत स्वामी जी द्वारा 1935 में की गई थी. यहां मां के दर्शन के लिए कोई दरबार नहीं सजाया जाता बल्कि एक छोटी सी खिड़की है, जिससे मां बगुलामुखी के दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है. ऐसा कहा जाता है कि इस सिद्धपीठ में पीले वस्त्र धारण करके, मां को पीले वस्त्र और पीला भोग अर्पण करने से भक्तों की हर मुराद पूरी होती है.

तीनों प्रहर में बदलता है मां का स्वरूप

इस मंदिर में पीतांबरा देवी तीन प्रहर में अलग-अलग स्वरूप धारण करती हैं. अगर किसी भक्त ने सुबह मां के किसी स्वरूप के दर्शन किए हैं तो दूसरे प्रहर में उसे दूसरे रूप के दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है. मां के बदलते स्वरूप का रहस्य आज तक कोई पता नहीं कर पाया है. इसे चमत्कार ही माना जाता है. यही वजह है कि राजसत्ता प्राप्ति में मां की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है. वहीं , स्थानीय लोगों के अनुसार, मुकदमे आदि के मामलों में भी मां पीताम्बरा की पूजा-अर्चना सफलता दिलाने वाली मानी जाती है.

# 21 मई को है नरसिंह जयंती का पर्व

मान्यताओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने 10 अवतार धारण किए थे जिनमे उन्होंने चौथा अवतार भगवान नरसिंह के रूप में लिया था. भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार का आधा शरीर मनुष्य और आधा शरीर सिंह यानी शेर का था. भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए हिरण्यकश्यप राक्षस का वध करने के लिए लिया था. भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार धारण करने के उपलक्ष्य में नरसिंह जयंती मनाई जाती है. इस दिन भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की पूजा की जाती है और व्रत रखा जाता है.



आइए जानते हैं, नरसिंह जयंती कब है, पूजा का शुभ मुहूर्त और व्रत के पारण का समय.

कब है नरसिंह जयंती ? ( Narasimha Jayanti 2024)

पंचांग के अनुसार, इस साल वैशाख शुक्ल चतुर्दशी तिथि का आरंभ 21 मई मंगलवार को शाम 5 बजकर 39 मिनट से होगा और यह तिथि अगले दिन यानी 22 मई की शाम 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगी. इस साल नरसिंह जयंती 21 मई 2024, दिन मंगलवार को मनाई जाएगी. 21 मई को मंगलवार होने के कारण इस बार की नरसिंह जयंती बहुत खास मानी जा रही हैं, क्योंकि है इस जयंती को साहस, आत्मविश्वास, वीरता और निष्ठा में वृद्धि करने वाला बताया जा रहा है.

नरसिंह जयंती पर पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, नरसिंह जयंती पर भगवान नरसिंह की पूजा का शुभ मुहूर्त 21 मई की शाम के समय 4 बजकर 24 मिनट से लेकर 7 बजकर 9 मिनट तक है. इसलिए इस वर्ष उनके भक्तों को उनकी पूजा के लिए 02 घंटे 44 मिनट की अवधि का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा है

बन रहे हैं रवि योग, स्वाति नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र योग

इस बार नरसिंह जयंती के दिन रवि योग और स्वाति नक्षत्र का योग भी बन रहा है. इस दिन नरसिंह जयंती पर रवि योग सुबह 5 बजकर 46 मिनट से लेकर अगले दिन 22 मई की सुबह 5 बजकर 27 मिनट तक है और चित्रा नक्षत्र सुबह 5 बजकर 46 मिनट तक है. इसके बाद स्वाति नक्षत्र आरंभ होगा, जो कि 22 मई को सुबह 7 बजकर 47 मिनट तक रहेगा.

नरसिंह जयंती व्रत पारण समय

नरसिंह जयंती पर भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की पूजा करने और व्रत रखने का विधान है. इस बार नरसिंह जयंती पर व्रत के पारण का समय 22 मई दिन बुधवार की सुबह के समय सूर्योदय के बाद कर सकते हैं. ध्यान रखें कि इस दिन आपको व्रत पारण दोपहर में 12 बजकर 18 मिनट से पहले ही करना है.

# आज का पंचांग, शुभ मुहूर्त

बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी, पिंगल संवत्सर विक्रम संवत 2081, शक संवत 1946 (क्रोधी संवत्सर), बैशाख | दशमी तिथि 11:23 AM तक उपरांत एकादशी | नक्षत्र उत्तर फाल्गुनी 12:23 AM तक उपरांत हस्त | हर्षण योग 10:24 AM तक, उसके बाद वज्र योग | करण गर 11:23 AM तक, बाद वणिज 12:38 AM तक, बाद विष्टि |
मई 18 शनिवार को राहु 09:05 AM से 10:44 AM तक है | चन्द्रमा कन्या राशि पर संचार करेगा |

विक्रम संवत - 2081, पिंगल
शक सम्वत - 1946, क्रोधी
पूर्णिमांत - बैशाख
अमांत - बैशाख

तिथि
शुक्ल पक्ष दशमी - May 17 08:49 AM – May 18 11:23 AM
शुक्ल पक्ष एकादशी - May 18 11:23 AM – May 19 01:50 PM

नक्षत्र
उत्तर फाल्गुनी - May 17 09:18 PM – May 19 12:23 AM
हस्त - May 19 12:23 AM – May 20 03:16 AM

करण
गर - May 17 10:06 PM – May 18 11:23 AM
वणिज - May 18 11:23 AM – May 19 12:38 AM
विष्टि - May 19 12:38 AM – May 19 01:50 PM

योग
हर्षण - May 17 09:21 AM – May 18 10:24 AM
वज्र - May 18 10:24 AM – May 19 11:24 AM

वार
शनिवार

सूर्य और चंद्रमा का समय
सूर्योदय - 5:48 AM
सूर्यास्त - 6:58 PM
चन्द्रोदय - May 18 2:38 PM
चन्द्रास्त - May 19 2:57 AM

# 18 या 19 मई कब है मोहिनी एकादशी व्रत, जानिए शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

हिन्दू पंचाग के अनुसार मोहिनी एकादशी का व्रत वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान श्री विष्णु के निमित्त रखा जाता है। इस बार यह व्रत 19 मई को रखा जाएगा। वैशाख शुक्ल एकादशी तिथि 18 मई को प्रातः 11 : 23 मिनट पर आरंभ होगी और इस तिथि का समापन 19 मई, रविवार को दोपहर 01:50 मिनट पर होगा। उदयातिथि के आधार पर मोहिनी एकादशी व्रत 19 मई, 2024 को रखा जाएगा। एकादशी सब पापों को हरने वाली उत्तम तिथि है, इस दिन जगत के पालनहार श्री विष्णुजी की उपासना करनी चाहिए।




मोहिनी एकादशी का महत्व

भगवान श्री कृष्ण, युधिष्ठिर को मोहिनी एकादशी का महत्व समझाते हुए कहते हैं कि महाराज ! त्रेता युग में महर्षि वशिष्ठ के कहने से परम प्रतापी श्री राम ने इस व्रत को किया। यह व्रत सब प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल तथा पातक समूह से छुटकारा पाकर विष्णुलोक को जाते हैं। मोहिनी एकादशी के व्रत के प्रभाव से शत्रुओं से छुटकारा मिलता है। इस दिन भगवान विष्णु के अवतार प्रभु श्री राम एवं विष्णुजी के मोहिनी स्वरुप का पूजन-अर्चन किया जाता है।

मोहिनी एकादशी की पूजाविधि

एकादशी तिथि पर सुबह जल्दी उठकर स्नान करके सूर्यदेव को जल अर्घ्य दें। भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरुप को मन में ध्यान करते हुए रोली, मोली, पीले चन्दन, अक्षत, पीले पुष्प, ऋतुफल, मिष्ठान आदि भगवान विष्णु को अर्पित करें। फिर धूप-दीप से श्री हरि की आरती उतारें और मोहिनी एकादशी की कथा पढ़ें। इस दिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप एवं विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना बहुत फलदायी है। इस दिन भक्तों को परनिंदा, छल-कपट,लालच,द्धेष की भावनाओं से दूर रहकर,श्री नारायण को ध्यान में रखते हुए भक्तिभाव से उनका भजन करना चाहिए ।द्वादशी के दिन ब्राह्मणों को भोजन करवाने के बाद स्वयं भोजन करें।

इसलिए लिया भगवान ने मोहिनी रूप

शास्त्रों के अनुसार मोहिनी, भगवान विष्णु का अवतार रूप थी। समुद्र मंथन के समय जब समुद्र से अमृत कलश निकला, तो इस बात को लेकर विवाद हुआ कि राक्षसों और देवताओं के बीच अमृत का कलश कौन लेगा। सभी देवताओं ने भगवान विष्णु से सहायता मांगी। अमृत के कलश से राक्षसों का ध्यान भटकाने के लिए मोहिनी नामक एक सुंदर स्त्री के रूप में विष्णु भगवान प्रकट हुए। इस प्रकार, सभी देवताओं ने भगवान विष्णु की सहायता से अमृत का सेवन किया। यह शुभ दिन वैशाख शुक्ल एकादशी का था, इसीलिए इस दिन को मोहिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। यह वही व्रत है जिसे राजा युधिष्ठिर और भगवान श्रीराम ने रखा था।







**मेष** - आज महत्वपूर्ण कार्यों में सोच समझकर निर्णय ले. विरोधी पक्ष के संबंध से अपने गुप्त नीती का खुलासा न होने दे. सामाजिक क्रियाकलापों के प्रति अभिरुचि बढ़ेगी. घर परिवार में धार्मिक कार्य होने के योग बनेंगे. व्यवसाय के क्षेत्र में व्यक्तियों को व्यापार में योजनाबद्ध रूप से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी.

**वृषभ** - आज व्यापार में नए प्रयोग लाभकारी सिद्ध होंगे. रुके कार्य में सफलता मिलेगी. घर अथवा व्यवसाय में किसी कीमती वस्तु के चोरी कर ले जाएंगे. आपको जेल जाना पड़ सकता है. किसी प्रियजन से दूर जाना पड़ सकता है. नौकरी में अधीनस्थ से सुख सहयोग न मिलने से मन खिन्न रहेगा. परिवार में दुख का वातावरण

**मिथुन** - आज शत्रु अथवा विरोधी आप पर जीत दर्ज करेंगे. खेलकूद प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी. ऋण लेने के प्रयास सफल होंगे. व्यापार में आय अच्छी होगी. किसी राजनीतिक व्यक्ति का सहयोग एवं समर्थन प्राप्त होगा. पैतृक धन संपत्ति मिलने की बाधा दूर होगी. किसी सामाजिक अथवा राजनीतिक अभियान का

**कर्क** - कार्य क्षेत्र में नए मित्र बनेंगे. व्यापार एक उन्नति के साथ धन लाभ होगा. नौकरी में उच्च अधिकारियों से निकटता बढ़ेगी. रोजगार की तलाश पूरी होगी. विवाह संबंधी कार्य में अत्यधिक व्यस्तता रहेगी. सामाजिक कार्य में सक्रिय भूमिका अदा करेंगे. उद्योग धंधे में विस्तार की योजना सफल होगी.

**सिंह** - आज मुकदमे में पराजय का मुंह देखना पड़ेगा. मुकदमे की पैरवी ठीक से करें. कोई व्यापारिक झगड़ा गंभीर रूप ले सकता है. आप अपने क्रोध में नियंत्रण रखें. किसी लंबी यात्रा अथवा विदेश यात्रा पर जाने से परहेज करें. अन्यथा यात्रा में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. किसी व्यापारिक योजना में कोई गुप्त

**कन्या** - आज कुछ उतार-चढ़ाव युक्त समय रहेगा. नौकरी में अधीनस्थ कोई षड्यंत्र रच सकता है. सजग एवं सावधान रहें. परिस्तिथियां कुछ प्रतिकूल रहेगी. आप अपने बलबूते पर महत्वपूर्ण कार्य को करने और कार्य क्षमता को बढ़ाने का प्रयास करें. इष्ट मित्रों के साथ किसी पर्यटक स्थल की यात्रा पर जाने के योग

**तुला** - आज पिता से अपेक्षित सहयोग मिलेगा. नौकरी में मनचाहे स्थान पर पदोन्नति होगी. नौकरी के लिए दिए गए साक्षात्कार एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी. व्यापारिक योजना सफल होगी. किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा सरकारी मदद से दूर होगी. शासन सत्ता का लाभ मिलेगा. किसी राजनीतिक अभियान की कमान आपको मिल सकती है.

**वृश्चिक** - आज आपका भाग्य साथ देगा. आपको जिस कार्य के सफल होने का जरा सा भी आभास नहीं होगा वह कार्य पूर्ण हो जाएगा. जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. मजदूर वर्ग को सरकारी योजना का लाभ मिलेगा. रोजगार की तलाश पूरी होगी. व्यापार में किसी वरिष्ठ परिजन का सहयोग एवं सानिध्य

**धनु** - आज कोई अप्रिय समाचार मिल सकता है. किसी बने बनाए महत्वपूर्ण कार्य में अकारण विघ्न आ सकता है. आप किसी अज्ञात भय से ओत प्रोत रहेंगे. कार्य क्षेत्र में कार्य की अधिकता के कारण परेशान हो सकते हैं. आपको अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा. आलस्य से बचें. मन में सकारात्मकता को बढ़ाए.


**मकर** - आज आपको कोई शुभ समाचार मिलेगा. नए व्यापार की शुरुआत अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य करने की शैली चर्चा का विषय बनेगी. विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन में आ रही बाधाओं से मुक्ति मिलेगी. राजनीति में कोई बड़ी भूमिका निभाने को मिल सकती है. उद्योग धंधे में आ रही समस्या का समाधान होगा.

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए सामान्यतः लाभ एवं उन्नति कारक रहेगा. दिन के पूर्वाद्ध में स्थित में सकारात्मक रहेगी. दिन के उत्तरार्ध में स्थिति संतोषजनक होने की संभावना है. संयम रखें. वाद विवाद आदि में ना पड़े. मान सम्मान कम हो सकता है. इष्ट मित्रों के साथ अधिक सकारात्मक व्यवहार रहेगा.

**मीन** - आज आपकी मधुर वाणी एवं सादगी पूर्ण व्यवहार लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा. राजनीति में प्रभावशाली भाषण के लिए आपको उच्च पदस्थ लोगों से सराहना एवं सम्मान प्राप्त होगा. किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने से आपके मनोबल एवं साहस में वृद्धि होगी. उच्च अधिकारियों से दिशा

# महात्मा बुद्ध के ये अनमोल विचार जीवन को बनाएंगे पॉजिटिव, तनाव से मिलेगा छुटकारा

इस साल बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को मनाई जाएगी। यह तिथि बौद्ध धर्म के लोगों के लिए बेहद खास होती है। माना जाता है कि इस दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था और उन्हें ज्ञान की भी प्राप्ति हुई थी। बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व को न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन भगवान बुद्ध की पूजा करने पर ज्ञान की प्राप्ति होती है। दुनिया भर के लोग इस तिथि पर उनसे योग्य बुद्धि की कामना करते हैं।



गौतम बुद्ध के जीवन से हम सभी को बहुत कुछ सीखने को मिलता है, उन्होंने हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। उनके अनमोल विचार वर्तमान में भी लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, इन्हें जीवन में उतारने से समस्याओं का निवारण आसानी से होता है। ऐसे में आइए महात्मा बुद्ध के द्वारा दिए गए उपदेशों के बारे में जान लेते हैं, जो बेहतर जीवन जीने के तरीके सिखाते हैं।

गौतम बुद्ध के अनमोल विचार

हजार लड़ाइयां करने से बेहतर है स्वयं पर विजय प्राप्त करें। यदि आपने स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो जीत हमेशा आपकी होगी।

किसी भी घटना में उलझे नहीं रहना चाहिए, जो बीत गया सो बीत गया । जीवन में खुश रहना चाहते हैं, तो वर्तमान को जीना सीखिए।

गौतम बुद्ध के अनुसार जो जैसा सोचता है, वह वैसा ही बनता है इसलिए अच्छा व सकारात्मक सोचें।

मन में घृणा नहीं रखनी चाहिए, किसी भी चीज को प्रेम से जीता जाता है, इसलिए हमेशा प्यार बनाए रखें।

जीवन में जो मिला है, जो आपके पास मौजूद है, उसका सम्मान करें। कभी भी किसी से ईर्ष्या न करें।

गौतम बुद्ध के अनुसार खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं, इसलिए अपने आसपास हमेशा खुशियां बनाए रखें।


बुद्ध के अनुसार मोमबत्ती बिना आग के नहीं जल सकती और इंसान भी आध्यात्मिक जीवन के बिना नहीं जी सकता।

यदि कोई आपकी बुराई करता है तो यह अच्छा है, आप अपनी अच्छाई से उस बुराई को मात दे सकते हैं।



आईपीएल 2024

# यह तो एमएस धोनी शो होगा... पूर्व क्रिकेटर ने महामुकाबले से पहले RCB को दे डाली ऐसी चेतावनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही दो दिग्गज टीमों के बीच यह करो या मरो का मुकाबला होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक बार फिर से विराट कोहली पर भरोसा करेगी कि वह उन्हें जीत की ओर ले जाए। आधिकारिक कप्तान न होने के बावजूद आरसीबी स्टार अपनी टीम के लीडर हैं।

इस बीच चेन्नई सुपर किंग्स मौजूदा सीजन में अपनी मजबूत शुरुआत को बरकरार रखने में विफल रहने के बावजूद मुश्किल में फंसी है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के पास किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने की मजबूरी नहीं है। शिवम दुबे ने अपनी पावर-हिटिंग क्षमताओं के साथ उन्हें जीत दिलाई है, इस बीच कप्तान नियुक्त होने के बाद रुतुराज गायकवाड़ ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलकर योगदान दिया है। यहां तक कि एमएस धोनी ने भी निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए योगदान दिया है।

डेथ ओवरों में उनकी छोटी-छोटी पारियां महत्वपूर्ण रही हैं और गायकवाड़ की जगह फील्डर लगाने से उनकी नेतृत्व क्षमता का अच्छा प्रदर्शन हुआ है। सीजन के पहले मैच से पहले CSK ने धोनी की जगह गायकवाड़ को कप्तान बनाया था। हालांकि, मैदान पर धोनी ही कप्तान हैं। वही फैसले लेते हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने कहा कि गत चैंपियन टीम धोनी पर भरोसा कर सकती है, खासकर चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनके प्रदर्शन की क्षमता के कारण। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि यह मैच एमएस का शो होगा, क्योंकि सब कुछ इसी के लिए तैयार हो रहा है। मुझे लगता है कि यह ऐसा ही होगा, क्योंकि उन्हें चिन्नास्वामी स्टेडियम बहुत पसंद है।

संक्षिप्त समाचार

## टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैच का शेड्यूल जारी

- **एक मैच खेलेगा भारत, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड नहीं खेलेंगे**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने टी-20 वर्ल्ड कप के वार्म-अप मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। टीम इंडिया अमेरिका और वेस्टइंडीज में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले केवल एक वार्म-अप मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ SA में खेलेगी।

**वार्म-अप मैच में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड नहीं खेलेंगे**

वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली 20 टीमों में से 17 टीमें ही वार्म- अप मैच में हिस्सा लेंगी। वहीं पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीम वार्म-अप मैच नहीं खेलेगी।

**तीन शहरों में खेले जाएंगे वार्म-अप मैच**

वार्म-अप मैच 16 मैच 27 मई से 1 जून के बीच अमेरिका और वेस्टइंडीज के त्रिनिदाद एंड टोबैगो में खेले जाएंगे।

रिटायरमेंट

## छेत्री की कमी तो खलेगी, पर सही फैसला: थापा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्याम थापा ने कहा कि देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। बेहतरीन खिलाड़ी जब रिटायरमेंट की बात कहता है तो खेल प्रेमियों में निराशा तो होती है। पर उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह कहना है कि बाईसाइकिल किक के नाम से मशहूर देश के पूर्व फुटबॉलर श्याम थापा का।

बकौल थापा, सुनील छेत्री ने देश के फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने अधिकतर गोल, पेनाल्टी या हेड से किए हैं। पेनॉल्टी को गोल में बदलने का मतलब है कि आप पर दबाव रहता है। उन्होंने हमेशा दबाव में टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया।

### उत्तराधिकारी की रेस में हैं कई खिलाड़ी

थापा कहते हैं, जब एक नायक स्थान छोड़ता है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि अगला कौन। सुनील के रिटायरमेंट के बाद यह सवाल सबके मन में है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। देश में कई क्लब हैं और कई खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। अभी यह कहना कि उत्तराधिकारी कौन होगा, थोड़ी जल्दबाजी होगी। समय के साथ खिलाड़ी परिपक्व होते हैं, कई खिलाड़ी उनके उत्ताराधिकारी बनने की रेस में हैं।

आईपीएल 2024

## बारिश ने हैदराबाद को दिलाया प्लेऑफ का टिकट

**हैदराबाद, एजेंसी।** बारिश ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल के प्लेऑफ का टिकट दिला दिया। बारिश के कारण हैदराबाद और लखनऊ का मैच रद्द हो गया और इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक मिले। हैदराबाद के अब 15 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली तीसरी टीम बन गई है। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स जगह पक्की कर चुकी हैं।



### टॉस भी नहीं हो सका

बारिश के कारण हैदराबाद और गुजरात के मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। एक समय बारिश रुकने के बाद अंपायरों ने रात आठ बजे टॉस और 8: 15 से मैच शुरू करने का फैसला किया था। लेकिन टॉस के समय से पहले ही फिर बारिश आ गई। इसके बाद लगातार बारिश के चलते अंपायरों ने मैच को रद्द करने का फैसला किया। वहीं, गुजरात का यह लगातार दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हुआ है। इससे पहले उसका कोलकाता के खिलाफ भी मैच रद्द हुआ था। उससे पहले कोलकाता और मुंबई के बीच मुकाबला भी बारिश से प्रभावित रहा था। वह मैच दो घंटे 15 मिनट की देरी से शुरू हुआ था और 16-16 ओवर का हुआ था।

### 2020 के बाद पहली बार प्लेऑफ में पहुंची हैदराबाद

साल 2020 के बाद हैदराबाद ने प्लेऑफ में जगह बनाई है, जबकि टीम ने कुल सातवीं बार प्लेऑफ का टिकट कटाया है। हैदराबाद के प्लेऑफ में पहुंचने से दिल्ली कैपिटल्स दौड़ से बाहर हो गई है। दिल्ली के 14 मैचों में 14 अंक हैं और उसके सभी मैच खत्म हो गए हैं। वह -0.377 रन रेट के साथ पांचवें स्थान पर रह गई है।

### एक जगह के लिए तीन टीमें दौड़ में

अब प्लेऑफ के लिए शेष एक जगह भरने के लिए तीन टीमें चेन्नई सुपरकिंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू और लखनऊ सुपरजाएंट्स दौड़ में हैं। हैदराबाद के अब 13 मैचों में 15 अंक हैं और चेन्नई सुपर किंग्स को छोड़कर कोई भी अन्य टीम 15 या इससे ज्यादा अंक नहीं बना सकती है। ऐसे में सनराइजर्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं। टीम को 18 मई को बेंगलुरु से भिड़ना है। बेंगलुरु और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। हालांकि, लखनऊ का नेट रन रेट काफी निगेटिव है और उन्हें इसका भरपाई कर पाना मुश्किल होगा। ऐसे में चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट माना जा रहा है।

चेन्नई-बेंगलुरु के बीच वर्चुअल नॉकआउट

चेन्नई और बेंगलुरु के बीच चिन्नास्वामी में मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी, वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम होगी। बेंगलुरु को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए या तो 18 या इससे ज्यादा रन से मैच जीतना होगा। या फिर चेज करते हुए 10 या इससे ज्यादा शेष रहते मैच को खत्म करना होगा। यानी बेंगलुरु को 18.1 ओवर या इससे पहले लक्ष्य हासिल करना होगा। यह आंकड़े उस स्थिति के हैं जब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 रन का स्कोर बनाती है।

### दूसरे स्थान के लिए राजस्थान-हैदराबाद में जंग

इतना ही नहीं रविवार को दो और शानदार मुकाबले खेले जाएंगे। राजस्थान का सामना गुवाहाटी में कोलकाता से और सनराइजर्स का सामना हैदराबाद में पंजाब किंग्स से होगा। अगर राजस्थान की टीम कोलकाता को हराने में कामयाब रहती है तो टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड को खत्म करेगी। इस स्थिति में हैदराबाद-पंजाब मैच का कोई महत्व नहीं रह जाएगा। ऐसे में पहला क्वालिफायर कोलकाता और राजस्थान के बीच होगा।

### चेन्नई के पास भी दूसरे स्थान पर पहुंचने का मौका

वहीं, अगर सनराइजर्स की टीम पंजाब को हरा देती है और कोलकाता की टीम राजस्थान को हरा देती है तो हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर रहकर लीग राउंड खत्म करेगी। तब पहला क्वालिफायर कोलकाता और हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। चेन्नई की टीम भी दूसरा स्थान हासिल कर सकती है.

आईपीएल 2024



## कोहली ने आरसीबी के इंटरव्यू में किए बड़े खुलासे

- **छेत्री और बेटी वामिका के लिए कही बड़ी बात**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबाल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कल संन्यास लेने का ऐलान कर दिया था . जिसपर उनके दोस्त और भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने उनसे बात की है. कोहली इस सीजन बल्ले से काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे है और हर मैच में उनके बल्ले से रन देखने को मिल रहा है. इसी बीच कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के प्रेजेंटर नैग्स से बात की है.

इसी बातचीत में कोहली ने अपने दोस्त सुनील छेत्री को लेकर बोले की वो महान खिलाड़ी है. सुनील ने मुझे मैसेज करके बताया था कि वह संन्यास लेने जा रहा है. आगे कोहली ने कहा की मुझे लगता है कि वह अपने इस फैसले से काफी संतोष महसूस कर रहा है.

### कोहली ने क्या कहा

विराट ने कहा की सुनील काफी शानदार इंसान है और पिछले कुछ सालों में हम काफी करीब आए है. सुनील को मैं उनके आने वाले करियर को लेकर ढेर सारी बधाई देता हूं. इसी वीडियो में कोहली ने अपनी बेटी वामिका को लेकर भी बात की है. आगे कोहली बोलते है की वामिका अब बल्ला घुमाने लगी है और मैं कभी अपने बच्चों पर क्रिकेट खेलने को लेकर दबाव नहीं बनाया है और ना ही बनायेंगे . कोहली ने आगे कहा की मेरी बेटी ने बल्ला उठाया और उसे घुमाने में मजा आ रहा है लेकिन उसे आगे क्या बनना है, यह उसका फैसला होगा .

### चेन्नई के खिलाफ अहम मैच

आरसीबी की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 18 मई को सबसे अहम मुकाबला खेलना है. जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम को जीत दर्ज करना काफी अहम है. प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए आरसीबी को चेन्नई से 18 रनों से बड़ी जीत दर्ज करनी होगी.

तभी उसकी जगह प्लेऑफ में बन पाएगी. आरसीबी को बड़ी जीत दर्ज करने के लिए विराट कोहली के बड़े पारी खेलनी होगी.



जय शाह ने दिया बड़ा बयान

## ये चार टीमें होगी टी20 विश्व कप जिताने की प्रबल दावेदार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाना है. जिसको लेकर सभी टीमों अपनी तैयारी में जुटी हुई है और विश्व कप में बेहतर खेल दिखाने वो लेकर काफी उत्सहित है.

भारतीय टीम ने भी टी20 विश्व कप के लिए अपने 15 खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया है. जिसके बाद उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद भारतीय फैंस लगाए बैठे है. पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भारतीय टीम ने फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन उसे वहां पर हर का सामना करना पड़ा था. इसलिए फैंस टी20 विश्व कप में भारत को चैंपियन देखना चाहते है. इसी को लेकर बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बयान दिया है.

### जय शाह ने दिया बयान

को दिए इंटरव्यू में जय शाह से जब पूछा गया की वो इस टी20 विश्व कप में किन 4 टीमों को सेमीफाइनल में देखते है. शाह ने भारत , ऑस्ट्रेलिया , न्यूजीलैंड और मेजबान टीम वेस्टइंडीज का नाम लिया. वेस्टइंडीज को लेकर शाह ने कहा की ये टी20 क्रिकेट की शानदार टीम है. इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में अधिकतर पूर्व खिलाड़ियों का मानना है की ये चारों टीमें सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाते हुए नजर आ सकती है.

भारतीय टीम टी20 के रैंकिग में पहले नंबर पर तो वही उसकी टीम को देखकर लोग उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहे है.

### कैसा रहा है रिकॉर्ड


भारतीय टीम का रिकॉर्ड वैसे टी20 विश्व कप में काफी अच्छा रहा है. भारत टी20 विश्व कप के पहले सीजन में ट्रॉफी उठाई थी. उसके बाद उसे साल 2013 के टी20 विश्व कप के फाइनल में तो जगह बनाई लेकिन वहां श्रीलंका के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा था.

पिछले चार टी20 विश्व कप में भारत ने 1 बार फाइनल ,2 बार सेमीफाइनल तो वही एक बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर होना पड़ा. इस साल के फैंस को रोहित की कप्तानी वाली टीम से काफी सारी उम्मीदें है.

## आईपीएल 2024 में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज, अभिषेक ने चौंकाया, शीर्ष तीन में दो भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों। आईपीएल 2024 में अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं।

इस सीजन अब तक 37 बार 200+ के स्कोर बने हैं, जो कि आईपीएल 2023 के बराबर आंकड़े हैं। वहीं, इस सीजन चार बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड भी टूटा, जबकि सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड बना। इस सीजन अब तक 1133 छक्के और 1978 चौके लग चुके हैं। यह पिछले सीजन से काफी ज्यादा हैं। अब तक आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड 2023 में था। आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे थे। इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने तहलका मचा रखा है।



आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

| बल्लेबाज | मैच | रन | छक्के |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 12 | 401 | 35 |
| विराट कोहली | 13 | 661 | 33 |
| सुनील नरेन | 12 | 461 | 32 |
| ट्रेविस हेड | 11 | 533 | 31 |
| रियान पराग | 13 | 531 | 31 |

अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ओपनिंग करते हुए कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जो शायद ही किसी ने सोचा होगा। इन दोनों ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं। आईपीएल 2024 में 12 ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों।

इस सीजन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अभिषेक शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक आईपीएल 2024 में 35 छक्के और 30 चौके लगाए हैं। अभिषेक भले ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में न चुने गए हों, लेकिन वह ओपनिंग के तौर पर नई खोज रहे हैं। अभिषेक अब तक इस सीजन 12 पारियों में 36.45 की औसत और 205. 64 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं। वहीं, सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने इस सत्र में 31 छक्के और 12 चौके लगाए हैं।

## ब्राजील में होगा 2027 फीफा महिला फुटबॉल विश्व कप



**बैंकॉक , एजेंसी।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है।

फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिए जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले। अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापस ले ली थी। पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप दक्षिण अमेरिका में होगा। टूर्नामेंट पहली बार 1991 में खेला गया था।

# माया वन मूवी टीजर में चमकीं आकांक्षा रंजन कपूर



आकांक्षा रंजन कपूर सिनेमा की दुनिया में धूम मचा रही हैं, और उनका नवीनतम प्रोजेक्ट माया वन पहले से ही चर्चा पैदा कर रहा है। फिल्म का हाल ही में जारी किया गया टीज़र आकांक्षा की प्रतिभा और करिश्मा को दर्शाता है, जिससे दर्शक और अधिक उत्सुक हैं। छोटे से वीडियो में आकांक्षा अपनी जबरदस्त एक्टिंग से सबका ध्यान खींचती हैं. वह आत्मविश्वास से भरी दिखती हैं और उनके चेहरे के भावों में बहुत सारी भावनाएँ झलकती हैं, जिससे जब वह स्क्रीन पर होती हैं तो लोगों का ध्यान वास्तव में उन पर केंद्रित हो जाता है। माया वन एक सम्मोहक कहानी होने का वादा करती है, और आकांक्षा का उसके चरित्र का चित्रण कहानी में एक दिलचस्प परत जोड़ता है। विभिन्न प्रकार की भावनाओं को व्यक्त करने की उनकी क्षमता एक सूक्ष्म और बहुआयामी प्रदर्शन का संकेत देती है जिसका दर्शक इंतजार कर रहे थे। आकांक्षा के लिए, माया वन उनके बढ़ते करियर में एक और मील का पत्थर है। प्रत्येक प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण को साबित करती रहती है। यादगार प्रदर्शन देने की उनकी प्रतिबद्धता टीज़र के हर फ्रेम में स्पष्ट है। एक उभरते सितारे के रूप में, आकांक्षा रंजन कपूर फिल्म उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। उनकी प्रतिभा, कहानी कहने के जुनून के साथ मिलकर, उन्हें अलग करती है और आने वाले वर्षों में उन्हें देखने लायक एक व्यक्ति के रूप में स्थापित करती है। माया वन का टीज़र सिनेमा में आकांक्षा के आशाजनक भविष्य की एक झलक पेश करता है। फिल्म रिलीज होने पर दर्शकों कोइस प्रतिभाशाली अभिनेत्री से आकर्षक और मनमोहक प्रदर्शन की उम्मीद है। ऐसी दुनिया में जहां आम तौर पर प्रसिद्ध अभिनेताओं को सारा ध्यान मिलता है, आकांक्षा रंजन कपूर एक नए सितारे के रूप में सामने आती हैं। ऐसा लगता है कि उनकी आने वाली फिल्म माया वन लोगों को उनसे और भी ज्यादा प्यार कराएगी और फिल्म प्रशंसकों के दिलों में उनकी जगह पक्की कर देगी।



## बेटी की शादी के बजट पर बोले अनुराग कश्यप

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अनुराग कश्यप बेटी की शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। बेटी आलिया के पॉडकास्ट यंग, डंब एंड एंक्सियस पर अनुराग कश्यप ने बेटी की शादी के बजट पर बात की। उन्होंने कहा आलिया की शादी ठीक से हो और उसे किसी भी चीज की कमी ना हो इसके लिए उन्होंने अभी से मेहनत करना शुरू कर दिया है। अनुराग का कहना है कि आलिया की शादी का बजट उनकी लो बजट फिल्मों के बराबर है। शादी में होने वाले खर्चे का बिल समय-समय पर भरा जाता रहे, इसके लिए उन्हें लगातार काम करते रहना होगा। पिता की ऐसी बातें सुनकर आलिया हंसने लगती हैं।

### खुद को टेरिबल पिता बताया

अनुराग ने बेटी से बात करते हुए अपने आपको टेरिबल पिता बताया। उन्होंने कहा- मुझे लगता है मैं तुम्हारे लिए एक पिता की तुलना में दोस्त ज्यादा बेहतर रहा हूं। मैं ये बात जानता हूं कि तुम्हें इन सबके बीच पिता की कमी बहुत खली होगी। लेकिन तुम्हारी मां ने अपना पूरा फर्ज निभाया है। पिता की बातें सुनकर आलिया इमोशनल हो गईं। आलिया ने कहा- आप हमेशा मेरे बहुत अच्छे दोस्त बनकर रहे हैं। इससे यह साफ पता चलता है कि आप कितने बेहतर इंसान हैं।

### पिछले साल हुई थी आलिया की सगाई

पिछले साल आलिया कश्यप ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर से सगाई की थी। आलिया कश्यप फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और उनकी पहली पत्नी आरती बजाज की बेटी हैं। आलिया पेशे से यूट्यूबर हैं। आलिया और उनके बॉयफ्रेंड शेन ग्रेगोइर लंबे समय से डेट कर रहे थे। शेन ने इंडोनेशिया के बाली में आलिया को प्रपोज किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया कि शेन ने चुपके से उन्हें प्रपोज करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था। शेन का ऐसा करना आलिया को काफी रोमांटिक लगा। आरती और अनुराग की शादी 2003 में हुई थी और 2009 में दोनों ने तलाक ले लिया था। तब से अनुराग अपनी बेटी आलिया की परवरिश अकेले ही कर रहे हैं। अनुराग ने एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन से 2011 में शादी की, लेकिन ये शादी भी लम्बे वक्त तक नहीं चल पाई और 2015 में दोनों अलग हो गए।



## निर्देशकों को किरण राव की सलाह, कहा- कुछ ऐसा बनाएं जो आपको खुद पसंद आए

लापता लेडीज की सफलता का आनंद लेते हुए फिल्म निर्माता किरण राव ने सभी महत्वाकांक्षी पटकथा लेखकों के लिए एक संदेश देते हुए कहा है कि आप अपने पेशे में शीर्ष पर रहें।

15वें कशिश प्राइड फिल्म फेस्टिवल के मौके पर मीडिया से बात करते हुए राव ने कहा, फ्मुझे हमेशा लगता है कि कुछ फिल्में ऐसी होती हैं जो अच्छा प्रदर्शन करती हैं और कुछ नहीं कर पाती। प्रासंगिक होने के लिए आपको कुछ ऐसा बनाना होगा जो एक दर्शक के दिल में उतर जाय। राव के अनुसार एक अच्छी कहानी वह है जिसके साथ आप जुड़ते हैं, कुछ ऐसा जिसके बारे में बात करना आपको दिलचस्प और महत्वपूर्ण लगता है ।दर्शकों के बारे में बात करते हुए किरण ने कहा, लोगों के पास अब कई सारे ऑप्शन हैं। कई तरह के कंटेंट तक उनकी पहुंच आसान हो गई है। एक फिल्म निर्माता के रूप में मुझे लगता है कि आपको अपने पेशे में शीर्ष पर रहने की जरूरत है। यदि आप अच्छे हैं और ऐसी कहानियां बनाते हैं जो दिलचस्प हो, तो आप एक अच्छे कहानीकार होंगे। फिर चाहे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम कर रहे हों या फिल्म बना रहे हों ।लापता लेडीज के निर्माण के लिए आमिर खान की सराहना करते हुए राव ने कहा, इस तरह की फिल्म केवल आमिर खान जैसे निर्माता ही बना सकते थे। वह सर्वोत्तम फिल्में बनाना चाहते हैं। फिल्म की कास्टिंग के बारे में राव ने कहा, आमिर को एहसास हुआ कि यह फिल्म साधारण कलाकारों के साथ सबसे अच्छा काम करेगी। बहुत कम निर्माता इसे महसूस करेंगे और आपको उस तरह का समर्थन देंगे। आमिर वह व्यक्ति हैं जिन्होंने इसकी कहानी ढूंढी, उनके बिना फिल्म नहीं बनाई जा सकती थी।

## अर्जुन कपूर ने पूरी की 'सिंघम अगेन' की शूटिंग



रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' है। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे कलाकार पहली बार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में होंगे। हाल ही में अर्जुन ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी की। आखिरी दिन सेट से एक फोटो शेयर करते हुए एक्टर ने इस फिल्म को अपने करियर के लिए मील का पत्थर बताया है। अर्जुन ने यह भी बताया कि यह उनके करियर की 20वीं फिल्म है। अर्जुन ने लिखा- 'रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का विलेन। मैंने सिंघम अगेन की शूटिंग पूरी कर ली है। मैं खुशनसीब हूं जो इंडियन सिनेमा की इस सबसे ज्यादा एंटरटेनिंग फ्रेंचाइजी का हिस्सा बना। मेरी 20वीं फिल्म और मेरे करियर की सबसे बड़ी माइलस्टोन में से एक।'

### अगले साल 15 अगस्त को रिलीज होगी

अर्जुन ने जो तस्वीर शेयर की उसमें वो वेष्टि पहने नजर आ रहे हैं। फिल्म में उनका किरदार साउथ इंडियन विलेन का हो सकता है। कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो 'सिंघम अगेन' रामायण की थीम पर बेस्ड हो सकती है। यह फिल्म अगले साल 15 अगस्त को रिलीज हो सकती है।

## जैकलीन फर्नांडीज भी करेंगी कांस के रेड कारपेट पर वॉक



ऐश्वर्या राय, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी और शोभिता धुलिपाला के बाद अब जैकलीन फर्नांडीज और छाया कदम भी कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड करने जा रहे हैं। जैकलीन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि वो फेस्टिवल में रेड कारपेट पर वॉक करेंगी। उन्होंने कहा कि वो कांस में साउथ ईस्ट एशिया को ग्लोबली प्रेजेंट करने के लिए एक्साइटेड हैं। इससे पहले भी जैकलीन ने 2015 में कांस फिल्म फेस्टिवल अटैंड किया था।

## फिल्म डबल इस्मार्ट में संजय दत्त फिर बनेंगे विलेन



संजय दत्त को बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ में भी खूब प्यार मिलता है। वो साउथ के फेमस एक्टर यश की फिल्म में विलेन बने थे। अब वो फिर से खलनायक वाले अवतार में नजर आने वाले हैं। उनकी अगली फिल्म है डबल इस्मार्ट, जो दक्षिण भारत की चार भाषाओं सहित हिंदी में भी रिलीज होगी। पुरी जगन्नाध के डायरेक्शन में बनी इस साइंस फिक्शन एक्शन मूवी में वो राम पोथिनेनी संग जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। ये साल 2019 में रिलीज हुई इस्मार्ट फिल्म का सीक्वल है। टीजर में राम पोथिनेनी और संजय दत्त, दोनों ने ही गर्दा उड़ा दिया है। दो गुटों की लड़ाई है। खूब गाली-गलौज, बंदूक की गोलियां, और लड़की। इसी के इर्द-गिर्द घूमती है डबल इस्मार्ट की कहानी। मालूम हो कि इससे पहले पुरी जगन्नाध ने विजय देवरकोंडा की लाइगर फिल्म बनाई थी, जो बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई। 2022 में रिलीज हुई उस फिल्म के दो साल बाद अब उनकी डबल इस्मार्ट रिलीज होगी।

## तीसरी बार टली कंगना स्टारर 'इमरजेंसी' की रिलीज



कंगना रनोट की अगली फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट फिर एक बार टल गई है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अनाउंसमेंट करते हुए यह जानकारी दी।

### 14 जून को रिलीज होने वाली थी फिल्म

मेकर्स ने लिखा, 'चूंकि कंगना इन दिनों देश सेवा में व्यस्त हैं ऐसे में हम फिल्म इमरजेंसी की रिलीज डेट आगे बढ़ा रहे हैं। हम जल्द ही आपको इस बारे में अधिक जानकारी देंगे।' बता दें कि इससे पहले यह फिल्म पिछले साल 24 नवंबर और फिर इस साल 14 जून को रिलीज होने वाली थी। कंगना इन दिनों अपना पूरा वक्त चुनाव प्रचार को ही दे रही हैं। वो लोकसभा चुनाव 2024 में मंडी से प्रत्याशी हैं। ऐसे में वो इस फिल्म के प्रमोशन पर अपना वक्त नहीं दे पा रही हैं। इमरजेंसी में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपडे, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमण जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह दिवंगत एक्टर-डायरेक्टर सतीश कौशिक की भी आखिरी फिल्म है। खुद कंगना ने किया फिल्म का निर्देशन फिल्म 'इमरजेंसी' की कहानी पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित है। फिल्म में इंदिरा के जीवन के कई अहम पड़ावों को दिखाया जाएगा। खुद कंगना ने इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ ही इसका निर्देशन भी किया है।

## बॉलीवुड में अपने काम का ढिंढोरा पीटना जरूरी, मेरा असली टाइम अब आया है



**अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीतने वाले एक्टर श्रेयस तलपड़े पिछले दिनों जब दिल का दौरा पड़ने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए, तो उनके फैंस सन्न रह गए। उनके चाहने वालों के लिए वह बड़ा झटका था, लेकिन अब वह दोगुने जोश के साथ सिल्वर स्क्रीन पर लौट आए हैं। जल्द ही कर्तम भुगतम, कंपकंपी, इमरजेंसी, वेलकम टू जंगल जैसी फिल्मों में नजर आने वाले श्रेयस का मानना है कि उनका असल टाइम अब आया है।**

**अब आपकी तबीयत कैसी है? आपके चाहने वालों के लिए आपके हार्ट अटैक की खबर बहुत सदमे भरी थी। लोगों को हैरत भी हुई कि आप तो इतने फिट हैं, फिर ऐसा कैसे?**

मैं अब ठीक हूं। वो मेरे लिए भी बहुत शॉकिंग बात थी, क्योंकि अचानक ऐसा कुछ हो जाएगा वो तो मैंने भी कभी सोचा नहीं था। हम ये सोचते हैं कि हम फिट हैं। सारी सावधानी बरत रहे हैं लेकिन आपके शरीर के अंदर क्या चल रहा है, वो आप नहीं जानते। खास तौर पर कोविड के बाद सेहत को लेकर मामला गड़बड़ा गया है। कोविड में कई लोगों को खून पतला करने की दवाएं/इंजेक्शन दिए थे क्योंकि खून गाढ़ा हो रहा था। अब ये कोविड का असर है या वैक्सीन का है, आखिर वैक्सीन में भी तो वही वायरस है, ये वजह तो हमें पता नहीं लेकिन हां, कोविड के बाद चीजें बदल गई हैं। इसलिए जरूरी है कि हम ज्यादा एहतियात रखें।

**आपको हमेशा बढ़िया एक्टर का दर्जा मिला है, मगर आपको नहीं लगता कि जितनी बढ़िया फिल्में और रोल आप डिजर्व करते थे, वो शायद नहीं मिला। इसकी क्या वजह मानते हैं?**

इन सवालों के टेक्निकली कोई जवाब नहीं होते। कभी-कभी लगता है कि शायद हममें कोई कमी होगी। जैसे मैं मानता हूं कि उस वक्त जितना अच्छा एक्टर मुझे माना गया, मुझे उतनी अच्छी मार्केटिंग भी करनी चाहिए थी। जो फिल्में चलीं, उनकी सफलता भुनानी चाहिए थी, जो मैंने नहीं किया। वो होता है न, खुद का ढिंढोरा पीटना, हमारे प्रफेशन में वो भी जरूरी होता है लेकिन हम थिएटर बैकग्राउंड से आते हैं तो हमें झिझक होती है कि खुद का ढिंढोरा क्या पीटें? हमें सिखाया गया है कि काम करो, अच्छा काम होगा तो चार लोग बोलेंगे पर ये पूरा सच नहीं है। पूरा सच ये है कि काम तो करो ही लेकिन उसकी मार्केटिंग भी उतनी ही जरूरी है। वैसे, कभी-कभी मुझे ये भी लगता है कि कुछ फूल देर से खिलते हैं, उन्हें वह वक्त देना चाहिए। शायद अब मेरा वक्त है। अब मैं कुछ चीजें सही तरीके से कर रहा हूं। मेरी जो फिल्में रिलीज पर हैं, वो चाहे कर्तम भुगतम हो, कंपकंपी हो, इमरजेंसी हो, वेलकम टू जंगल हो या पुष्पा हो, जो लाइन अप हैं, उनमें मैं खुद को नए तरीके से पेश करने की कोशिश कर रहा हूं।

**कर्तम भुगतम ग्रहों की चाल और ज्योतिष पर आधारित है। आप निजी जिंदगी में इन चीज़ों पर कितना यकीन करते हैं?**

मैं आपको एक वाकया बताता हूं। 2005 में जब इकबाल रिलीज हुई थी। तभी मेरी शादी भी हुई थी तो मुझे और दीप्ति (पत्नी) को एक शो कॉस्मिक चैट में बुलाया गया था। उसमें टैरो कार्ड रीडर सुनीता मेनन से हमने अपने पहले घर के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि दो साल बाद होगा। जबकि, मुझे यकीन था कि जैसी फिल्में मुझे मिल रही हैं, मैं अगले साल घर ले लूंगा। मैंने उन्हें गलत साबित करने का ठान लिया। अगले साल हमने घर देख लिया, बुकिंग अमाउंट दे दिया, लोन पास हो गया, जब फाइनल चेक देने गए तो वहां बंदा बदल गया, नया वाला बंदा रेट बढ़ाकर बताने लगा तो हमारी बहस हो गई और वो एकदम फाइनल घर हमें नहीं मिला। मैंने दूसरा घर फाइनल किया पर हमारे वास्तु वाले ने मना कर दिया और अंत में हमारा घर 2007 में ही हुआ, तो हम मानें या न मानें लेकिन ऐसी चीजें होती हैं तो आपको यकीन करना पड़ता है कि कुछ तो विज्ञान या शक्ति है।

**आपके हार्ट अटैक के वक्त आपकी पत्नी डटकर खड़ी रहीं। वह आपकी जिंदगी के लिए कितनी बड़ी संबल हैं?**

असल में, उसके लिए यह सदमा बहुत ज्यादा है, इसलिए उसे यह सब भूलने में वक्त लगेगा। अब भी बेचारी डरी रहती है। हर दस मिनट में फोन करके पूछती है कि तुम ठीक हो, खाना खाया या नहीं, दवा ली या नहीं। वो सदमा उसके लिए गहरा है। दीप्ति हमेशा से बहुत मजबूत महिला रही हैं। जब हमारी शादी हुई थी, तभी मैं इकबाल करने चला गया तो तीन महीने वो मेरे पैरंट्स के साथ ही घर पर थी। किसी भी लड़की के लिए शादी के तुरंत बाद पति से दूर रहना मुश्किल होता है लेकिन उसने कभी किसी चीज के लिए शिकायत नहीं की। अब मैं सोचता हूं कि मैं उसे किसी भी रूप में थोड़ी खुशी दे पाऊं तो मैं खुद को बहुत भाग्यवान समझूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने तीन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराया केस, 69 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ने प्राथमिकी में धन के गबन के लिए तीन अधिकारियों दोरजी शेरिंग लेप्चा, महाप्रबंधक (संचालन), त्सेवांग दोरजी लेप्चा, सहायक प्रबंधक (आईटी) और तिलक राय, वरिष्ठ लेखा सहायक पर आरोप लगाए हैं। स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने 69 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में बैंक के तीन अधिकारियों के खिलाफ अपराध जांच विभाग (सीआईडी) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बैंक ने प्राथमिकी में धन के गबन के लिए तीन अधिकारियों दोरजी शेरिंग लेप्चा, महाप्रबंधक (संचालन), त्सेवांग दोरजी लेप्चा, सहायक प्रबंधक (आईटी) और तिलक राय, वरिष्ठ लेखा सहायक पर आरोप लगाए हैं। 14 मई को दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि तीनों अधिकारियों ने सरकारी अधिकारियों के नाम पर विभिन्न सावधि जमा खाते खोले और शेष बैंक धन को विभिन्न चल व अचल संपत्तियों में निवेश किया। बैंक ने सीआईडी से चल (बैंक खातों, एफडी, शेयर, म्यूचुअल फंड) और अचल संपत्तियों सहित सभी संपत्तियों को तुरंत फ्रीज करने का अनुरोध किया है जो उनके व्यक्तिगत नाम के साथ-साथ उनके परिवार के निकटतम सदस्यों के नाम पर दर्ज हैं।

### शेयर बाजार में कमजोर शुरुआत; सेंसेक्स 151 अंक टूटा, निफ्टी 22350 के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुबह 9 बजकर 37 मिनट पर सेंसेक्स 151.06 (0.20प्रतिशत) अंक टूटकर 73,512.66 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 38.65 (0.17 प्रतिशत) अंक फिसलकर 22,365.20 पर पहुंच गया। शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी करोबारी दिन कमजोरी दिख रही है। बाजार में बिकवाली हावी है। सुबह 9 बजकर 37 मिनट पर सेंसेक्स 151.06 (0.20 प्रतिशत) अंक टूटकर 73,512.66 पर कारोबार दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 38 (0.17प्रतिशत) अंक फिस 22,365.20 पर पहुंच गया।इससे पहले अमेरिकी बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद मुनाफावसूली दिखी। डाउ जोंस पहली बार इंट्राडे में 40 हजार के पार निकल। वहीं, 200 अंक की रेंज में कारोबार करते हुए 40 अंक टूटकर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 और नैस्डेक पर भी कमजोरी दिखी। स्मॉलकैप इंडेक्स रसल भी 2000 (0.6 प्रतिशत) अंक फिसल गया। गुरुवार को भारतीयों बाजारों में भी हल्की गिरावट दिखी थी।

### पूरी तरह खत्म हुआ ट्विटर का नाम, अब एक्स ने किया ये बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलने के बाद अब उसके डोमेन को भी बदलकर X.com कर दिया है। अब इसके वेबसाइट यूआरएल में twitter.com की जगह X.com लिखा नजर आ रहा है। उन्होंने X पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा,सभी कोर सिस्टम अब X.com पर हैं। 24 जुलाई 2023 को मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलकर X किया था। बता दें कि एलन मस्क ने जबसे ट्विटर (×) को खरीदा है, तबसे कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। ङ्ग के लॉगिन पेज के नीचे अब एक मैसेज भी दिखाई दे रहा है जिसमें लिखा है, हम आपको बता रहे हैं कि हम अपना URL बदल रहे हैं लेकिन आपकी प्राइवेसी और डेटा प्रोटेक्शन सेटिंग्स वही रहेंगी। एलन मस्क ने 27 अक्टूबर 2022 को माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर खरीदा था।

# भारत के उपभोक्ता बाजार का आकार 2031 तक दोगुना हो सकता है, वित्त मंत्री ने जताया अनुमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री ने सीआईआई कार्यक्रम के दौरान कहा कि कई लोगों का सुझाव है कि भारत के पास सेवाओं में एक बड़ा अवसर है, लेकिन हम विनिर्माण को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने शुक्रवार को दिल्ली में सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 के दौरान अनुमान जताया कि भारतीय उपभोक्ता बाजार का आकार 2031 तक दोगुना हो सकता है। इसके अलावे, भारत पांच वर्षों में वैश्विक विकास में 18 प्रतिशत तक का योगदान दे सकता है। इस दौरान वित्त मंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को और अधिक बढ़ावा देने पर जोर दिया।

वित्त मंत्री ने सीआईआई कार्यक्रम के दौरान कहा कि कई लोगों का सुझाव है कि भारत के पास सेवाओं में एक बड़ा अवसर है, लेकिन हम विनिर्माण को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। इसे अधिक निवेश और सरकारी नीतियों की मदद से आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

सीतारमण ने कहा, '' मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए... । मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए। भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए।'' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है। उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता। हालांकि, सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद 'चीन प्लस वन' रणनीति पर ध्यान दे रही है।

'कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट' की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं।

सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, '' यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है। पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं।''

उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं। सीतारमण ने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत पिछले साल 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ चीन के बाहर आईफोन के लिए एप्पल का दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बन गया।

सेवा क्षेत्र पर उन्होंने कहा कि दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) पर भारत का कब्जा है और यह महत्वपूर्ण घरेलू तथा वैश्विक अवसर उत्पन्न करने वाला सबसे पसंदीदा गंतव्य बना हुआ है। भारत में जीसीसी की संख्या इस समय 1,580 से अधिक हो गई है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार भारत की वृद्धि में निजी क्षेत्र को एक भागीदार के रूप में देखती है। उन्होंने कहा, '' हम निजी क्षेत्र की एक बहुत बड़ी भूमिका देखते हैं। हम वृद्धि में उनके साथ साझेदारी करना चाहेंगे। सरकार एक सुविधाप्रदाता व समर्थक के रूप में काम करेगी।''


# देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च में घरों की कीमतें औसतन 10 प्रतिशत बढ़ीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतों में जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बेंगलुरु में सबसे अधिक 19 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया और डेटा एनालिटिक कंपनी लियासेस फोरास ने एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा कि इन आठ शहरों में कीमतें चार प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च, 2024 में बेंगलुरु में औसत आवास की कीमतें सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 10,377 रुपए प्रति वर्ग फुट हो गईं। यह पिछले साल की समान अवधि में 8,748 रुपए प्रति वर्ग फुट थी। लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा, ''भारत के शीर्ष आठ शहरों में मजबूत बिक्री और नई आपूर्ति की शुरुआत के साथ संपत्ति की कीमतों में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। उन्होंने बताया कि आवास कीमतों में 19 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ बेंगलुरु सबसे आगे रहा। मध्यम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र में यह मांग बनी रहने की उम्मीद है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, ''आवास की कीमतों में वृद्धि देश भर में मकान खरीदारों द्वारा मजबूत आवास मांग का प्रत्यक्ष परिणाम है, खासकर प्रीमियम तथा लक्जरी खंड में...। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कीमतें में 16 प्रतिशत, अहमदाबाद तथा पुणे में 13 प्रतिशत, हैदराबाद में नौ प्रतिशत, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में छह प्रतिशत, कोलकाता में सात प्रतिशत और चेन्नई में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# बिना गारंटी वाले कर्ज पर ज्यादा निर्भरता एनबीएफसी के लिए ठीक नहीं : डिप्टी गवर्नर


**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने आगाह किया है कि असुरक्षित माने जाने वाले यानी बिना गारंटी वाले कर्ज और पूंजी बाजार वित्तपोषण पर अत्यधिक निर्भरता लंबे समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए समस्या खड़ी कर सकती हैं। स्वामीनाथन ने आरबीआई के बुधवार को आयोजित एक सम्मेलन में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आश्वासन कार्यों (अनुपालन, जोखिम और आंतरिक ऑडिट) प्रमुखों को संबोधित करते हुए उधार के बारे में निर्णय लेने के लिए 'एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने 'नियमों की अनदेखी करने के लिए नियमों के 'बुद्धिमतापूर्ण विश्लेषण के रुख पर आरबीआई की निराशा को भी सार्वजनिक किया। उन्होंने इसे वित्तीय प्रणाली के लिए 'महत्वपूर्ण जोखिम बताया।




स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ उत्पादों या असुरक्षित ऋण जैसे क्षेत्रों के लिए जोखिम काफी ज्यादा हैं और यह लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा, ÷ऐसा लगता है कि ज्यादातर एनबीएफसी में एक ही काम करने की इच्छा है। जैसे कि खुदरा असुरक्षित ऋण, 'टॉप अप ऋण अथवा पूंजी बाजार वित्तपोषण। ऐसे उत्पादों पर अत्यधिक निर्भरता बाद में समस्या खड़ी कर सकती है। स्वामनाथन ने 'एल्गोरिदम आधारित कर्ज देने के मुद्दे पर कहा कि कई संस्थाएं बही-खातों में तेजी से वृद्धि के लिए नियम-आधारित 'क्रेडिट का रुख कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''हालांकि, स्वचालन दक्षता को बढ़ा सकता है, पर एनबीएफसी को ऐसे मॉडल से खुद को बांधना नहीं चाहिए। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि नियम-आधारित कर्ज देने की व्यवस्था केवल उतने ही प्रभावी हैं जितने कि आंकड़े और मानदंड जिनपर वे बनाए गए हैं। स्वामीनाथन ने कहा, ''विशेष रूप से उभरती बाजार स्थितियों में ऐतिहासिक आंकड़े या एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता से कर्ज मूल्यांकन में चूक हो सकती है। उन्होंने एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट दृष्टिकोण बनाए रखने और निगरानी व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने एनबीएफसी से साइबर सुरक्षा जोखिमों पर भी पर्याप्त ध्यान देने को कहा। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि जोखिम प्रबंधन और आंतरिक ऑडिट कार्यों को कौशल मानदंडों पर कसना होगा ताकि वे समय-समय पर आईटी और साइबर सुरक्षा को लेकर अपनी संस्थाओं की तैयारियों का आकलन करने में सक्षम हो सकें।

# मार्च तिमाही में पर्सनल कंप्यूटर बाजार 2.6 फीसदी बढ़ा, एचपी का वर्चस्व: रिपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में डेस्कटॉप और नोटबुक जैसे पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) का बाजार मार्च तिमाही में 2.6 प्रतिशत बढ़कर 30.7 लाख इकाई का हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। बाजार अनुसंधान फर्म इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिक्री में 8.8 प्रतिशत की गिरावट बावजूद एचपी 30.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पर्सनल कंप्यूटर बाजार में अग्रणी बनी हुई है। जनवरी-मार्च तिमाही में एचपी की पीसी बिक्री एक साल पहले के 10.12 लाख से घटकर 9.23 लाख इकाई रह गई। डेल टेक्नोलॉजीज और एसर ग्रुप की दोनों की पीसी बाजार में हिस्सेदारी 28.8 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 17.5 और 15.4 प्रतिशत हो गई। हालांकि, आलोच्य तिमाही में लेनोवो और आसुस की बाजार हिस्सेदारी घटकर क्रमशः 15.1 और 5.9 प्रतिशत रह गई। सालाना आधार पर लेनोवो की हिस्सेदारी 4.7 लाख इकाई से 1.3 प्रतिशत घटकर 4.64 लाख इकाई रह गई, जबकि आसुस की हिस्सेदारी 1.98 लाख इकाई से 8.3 प्रतिशत घटकर 1.82 लाख इकाई हो गई।

आईडीसी इंडिया के एसोसिएट उपाध्यक्ष (ग्राहक उपकरण) नवकेंदर सिंह ने कहा, ''आईटी एवं आईटीईएस क्षेत्र और वैश्विक स्तर से खरीद कम होने से पीसी बाजार को वाणिज्यिक क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, उद्यम खंड से नई खरीदारी आने पर साल के अंत तक बाजार में सुधार शुरू होने की उम्मीद है।

# भारत में श्रम बाजार सूचक बेहतर हुए, अर्थव्यवस्था के करीब सात फीसदी के दर से बढ़ने का अनुमान : यूएन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, भारत अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान है कि यह साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी और 2025 में यह विकास दर 6.6 प्रतिशत रहेगी।

संयुक्त राष्ट्र ने भारत अर्थव्यवस्था की विकास दर के पूर्वानुमान में संशोधन करते हुए बताया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2024 में करीब 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को 2024 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाओं पर रिपोर्ट जारी की। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान है कि यह साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी और 2025 में यह विकास दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाहरी मांग में कमी के चलते निर्यात दर कम रह सकती है, लेकिन फार्मास्यूटिकल और केमिकल निर्यात में तेजी की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र ने इससे पहले जनवरी में अपने पूर्वानुमान में साल 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.2 बताई थी, लेकिन अब इसमें संशोधन करके 6.9 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में भी मजबूत विकास का भारत को फायदा मिला है। हालांकि 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र ने अपने पूर्वानुमान में कोई बदलाव नहीं किया है। जनवरी में भी संयुक्त राष्ट्र ने 2025 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत आंकी थी और अब भी यही आंकड़ा पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र की संशोधित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई है और 2023 में जहां ये 5.6 प्रतिशत थी, वो 2024 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो गई है। यह रिजर्व बैंक की दो से छह प्रतिशत की लक्ष्य सीमा के भीतर है। अन्य दक्षिण एशियाई देशों में भी मुद्रास्फीति में इस साल बीते साल के मुकाबले गिरावट आने की उम्मीद है। कुछ नरमी के बावजूद 2024 की पहली तिमाही में खाद्य चीजों की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मजबूत विकास और उच्च श्रम बल भागीदारी के बीच श्रम बाजार संकेतकों में भी सुधार हुआ है। भारत सरकार पूंजी निवेश बढ़ाकर राजकोषीय घाटे को धीरे-धीरे कम करने की कोशिश कर रही है।

### दक्षिण एशिया की विकास दर भी मजबूत रहेगी

दक्षिण एशियाई देशों में भी आर्थिक विकास दर के मजबूत रहने की उम्मीद है। दक्षिण एशिया की क्षेत्रीय जीडीपी 2024 में 5.8 प्रतिशत और 2025 में 5.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। हालांकि यह 2023 की विकास दर 6.2 प्रतिशत से कम है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें, भूराजनीतिक तनाव और लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर हो रहे हमलों का क्षेत्रीय विकास दर पर असर पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, यह जनवरी के पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत ज्यादा है।

# अप्रैल में 40 प्रतिशत बढ़ गई एसी की बिक्री, इस सीजन कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौसम विभाग ने इस साल गर्म दिनों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। इस बीच कूलिंग अप्लायंसेज, खासतौर पर एसी की बिक्री बढ़ रही है। अप्रैल में पिछले साल के मुकाबले एसी की बिक्री करीब 40 फीसदी ज्यादा रही। पूरे सीजन में इनकी बिक्री 25 फीसदी से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 1.25 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। 2023 में 1 करोड़ से ज्यादा ऐसी बिके थे। एसी कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि डिमांड बढ़ने के बावजूद इस सीजन में कीमतें बढ़ने की संभावना नहीं है।

बहरहाल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन का कहना है कि एसी की बिक्री 20-35 फीसदी बढ़ सकती है। गोदरेज अप्लायंसेज के बिजनेस हेड और ईवीपी कमल नंदी को इस साल एसी की बिक्री 25-30 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। एसोसिएशन के मुताबिक, देश का एसी मार्केट इस साल 50 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। बीते साल बिके 102 करोड़ एसी में 89 फीसदी स्प्लिट एसी थे।

पैनासोनिक इंडिया के एसी डिवीजन हेड अभिषेक वर्मा ने बताया कि देश में सिर्फ 7 फीसदी घरों में एसी है, जबकि ग्लोबल एवरेज 8 फीसदी है। हाल के वर्षों में हालात बदले हैं। पहले आम भारतीय घरों में एक एसी होता था। अब 3-4 साल में दूसरा या तीसरा एसी लग रहा है।

एसी में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम और कॉपर जैसी मेटल की कीमतें इस साल बढ़ी हैं। फिर भी एसी कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि डिमांड बढ़ने के बावजूद इस सीजन में कीमतें बढ़ने की संभावना नहीं है क्योंकि मार्केट में सप्लाई अच्छी बनी हुई है।

# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को मिल रहा फायदा : संयुक्त राष्ट्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र को भी भारत में काफी संभावनाएं दिख रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी का कहना है कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को ज्यादा फायदा हो रहा है। कई पश्चिमी कंपनी के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है। इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने यह बात कही।

भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है। राशिद ने कहा कि मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है। वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे। वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है। यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। साल 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति संभावनाओं' संबंधी जारी आंकड़ों में कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है। हालांकि, कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, औषधि और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है।

मध्य वर्ष के ताजा आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से अधिक है। चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है। अब चीन की 2024 में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

# आईआईएफएल सिक्योरिटीज का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 180.4 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईआईएफएल सिक्योरिटीज का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 180.4 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का पिछले साल समान अवधि में मुनाफा 86.4 करोड़ रुपए आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़कर 704.4 करोड़ रुपए हो गई। आईआईएफएल सिक्योरिटीज के चेयरमैन वेंकटरमन ने कहा, ''हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि देखी। हमारी संस्थागत ब्रोकिंग और निवेश बैंकिंग फ्रेंचाइजी ने शानदार परिचालन प्रदर्शन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति में काफी सुधार किया है... समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 512.1 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। कुल आय 63 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,231.3 करोड़ रुपए रही। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए दो रुपए अंकित मूल्य के प्रति शेयर पर तीन रुपए के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज खुदरा ग्राहकों को लक्षित करते हुए म्यूचुअल फंड, बीमा, आईपीओ, बांड व वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है।



# पीएमजे ज्वेल्स ने मंदिर आभूषण संग्रह "पवित्रम" लॉन्च किया

**हैदराबाद 17 मई**
**(एजन्सी),**

------------------------------



पीएमजे ज्वेल्स ने गर्व के साथ अपनी नवीनतम कृति "पवित्रम" आभूषण संग्रह का अनावरण किया, जो भारतीय मंदिरों की दिव्य शिल्पकला को समर्पित है। दक्षिण भारतीय वास्तुशिल्प चमत्कारों की भव्यता से प्रेरित, इस संग्रह का प्रत्येक टुकड़ा पवित्र रूपांकनों और आध्यात्मिक श्रद्धा का सार प्रस्तुत करता है। नया लॉन्च किया गया संग्रह पवित्रम भारत भर के सभी पीएमजे स्टोर्स में उपलब्ध होगा।

लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए पीएमजे ज्वेल्स के मर्केटीग हेड नीरव चल्ला ने कहा, "हमें अपने बहुप्रतीक्षित मंदिर आभूषण संग्रह - पवित्रम को लॉन्च करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो पहनने वालों को आध्यात्मिक जुड़ाव और आंतरिक दिव्यता प्रदान करने के लिए मात्र श्रृंगार से परे है। मंदिर के अग्रभाग की याद दिलाने वाले जटिल नक्काशीदार पेंडेंट से लेकर पवित्र अनुष्ठानों के रंगों को प्रतिध्वनित करने वाले जीवंत रत्नों तक, हर विवरण आपको भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में डूबने के लिए आमंत्रित करता है। नया लॉन्च किया गया संग्रह हमारे सभी सम्मानित ग्राहकों के लिए हमारे 18 स्टोर पर उपलब्ध होगा। यह संग्रह आभूषण प्रेमियों को लक्षित करता है, जो देवी-देवताओं, पवित्र रूपांकनों और वास्तुकला के चमत्कारों से संबंधित दिव्य भव्यता की इच्छा रखते हैं। पवित्रम के साथ, पीएमजे ज्वेल्स अपने ग्राहकों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की दिव्य कृपा और शाश्वत सुंदरता से खुद को सजाने के लिए आमंत्रित करता है।

पवित्रम का उद्देश्य कोणार्क सूर्य मंदिर, मल्लिकार्जुन मंदिर, मीनाक्षी अम्मन मंदिर, पद्मनाभ स्वामी मंदिर और तिरुपति बालाजी मंदिर जैसे प्रतिष्ठित मंदिरों से प्रेरणा लेकर वास्तुशिल्प चमत्कारों का सम्मान करना है, "पवित्रम" उनकी भव्यता और आध्यात्मिक महत्व को श्रद्धांजलि देता है। कोणार्क सूर्य मंदिर प्रेरणा: कोणार्क सूर्य मंदिर की भव्यता का जश्न मनाने के लिए इसके रथ की मूर्तियों से प्रेरित डिज़ाइन बनाए गए हैं, जिन्हें 22K सोने के नक्शी काम में तैयार किया गया है और दक्षिण समुद्र के मोती, मूंगा के मोती, पन्ना और माणिक से सजाया गया है। मल्लिकार्जुन मंदिर प्रेरणा: मल्लिकार्जुन मंदिर की उत्कृष्ट शिल्प कौशल को दर्शाते हुए, "पवित्रम" अपने मुख्य गर्भगृह की लघु प्रतिकृतियों को प्रदर्शित करता है, जो जटिल 22K सोने के नक्शी काम में कीमती रत्नों से अलंकृत है।




मीनाक्षी अम्मन मंदिर प्रेरणा: देवी मीनाक्षी की दिव्य कृपा और मंदिर की अलौकिक वास्तुकला से प्रेरित, हार, चोकर और बहुत कुछ की यह श्रृंखला मीनाक्षी अम्मन मंदिर के कालातीत आकर्षण को दर्शाती है। पद्मनाभ स्वामी मंदिर प्रेरणा: राजसी श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से प्रेरणा लेकर तैयार किए गए इस संग्रह का प्रत्येक टुकड़ा मंदिर की द्रविड़ वास्तुकला शैली और शुद्ध आनंद के सार का भव्य मिश्रण दर्शाता है। तिरुपति बालाजी मंदिर प्रेरणा: तिरुपति बालाजी मंदिर की तीर्थयात्रा की आध्यात्मिक विरासत को मूर्त रूप देते हुए, "पवित्रम" में ऐसे डिज़ाइन हैं जो ईश्वर के प्रति भक्ति और प्रेम का प्रतीक हैं, जिन्हें 22K सोने के नक्शी वर्क में सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। PMJ ज्वेल्स के बारे में PMJ ज्वेल्स एक बेहतरीन लग्ज़री फाइन ज्वैलर्स है, जो अद्वितीय और उत्तम उपहारों की तलाश करने वाले ग्राहकों को स्थायी गुणवत्ता, व्यक्तिगत सेवा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करने की प्रतिष्ठा रखता है।

पचास से अधिक वर्षों की ब्रांड विरासत के साथ, PMJ पीढ़ियों से हैदराबाद के राजघरानों और कुलीन वर्ग के लिए पारिवारिक ज्वैलर रहा है। डायमंड वेडिंग ज्वैलरी में अपनी बेजोड़ रेंज के लिए जाना जाता है, PMJ अपने ग्राहकों के लिए बेहतरीन और सबसे अनोखे आभूषण बनाने के लिए जाना जाता है जो परिवार की विरासत का हिस्सा बन जाते हैं।

पीएमजे दक्षिण भारत के सभी स्टोरों में मौजूद है और हमारा प्रमुख स्टोर - रोड नंबर 10, जुबली हिल्स पर स्थित हाउस ऑफ पीएमजे अब हैदराबाद के परिदृश्य में एक मील का पत्थर है।

# कीर्ति नगर, बवाना और कालकाजी इलाके में लगी भीषण आग, 250 से अधिक दमकल कर्मचारियां आग बुझाने में जुटे





**नई दिल्ली: 17 मई**
**(एजन्सी),**

------------------------------

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में आग लगने के तीन बड़े हादसे हुए हैं। तीनों ही जगह पर आग बुझाने वाली काफी संख्या में गाड़ियां भेजी गई। मौके पर कुल मिलाकर 250 से ज्यादा फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। आग की यह घटना पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर, बाहरी दिल्ली के बवाना और साउथ दिल्ली के कालकाजी इलाके में हुई है। फायर कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जहां कीर्ति नगर और बवाना में फैक्ट्री में आग लगी। वहीं कालका में एक बैंक्वेट हॉल में आग लगी।

हालांकि अभी तक तीनों ही जगह में से किसी भी जगह से किसी के हातात होने या घायल होने की सूचना नहीं मिली है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कीर्ति नगर में 3:30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। वहां मौके पर आग बुझाने के लिए 25 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भेजी गई थी। जबकि बवाना में शाम 5:00 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी।

यहां पर 15 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए भेजी गई। तीसरी घटना कालकाजी मेट्रो स्टेशन के पास बैंक्वेट हॉल में लगी है। यहां पर आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हुई है। बाहरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजकर पांच मिनट पर उन्हें एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि बवाना औद्योगिक क्षेत्र से आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की कुल 17 गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। हमारी टीम अभी भी आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं। मौके पर और भी दमकल गाड़ियां भेजी जाएंगी।

# फर्नांडीज अस्पताल पांच वर्षों में 300 से अधिक मामलों में शून्य मातृ मृत्यु दर हासिल

**हैदराबाद 17 मई**
**(एजन्सी),**

------------------------------

डेंगू वायरस (DENV) के कारण होने वाला डेंगू बुखार, एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता है, खासकर भारत में जून से नवंबर तक मानसून के मौसम के दौरान। गर्भावस्था के दौरान, डेंगू संक्रमण अद्वितीय चुनौतियों और जोखिमों को प्रस्तुत करता है।

सामान्य आबादी के विपरीत, डेंगू से पीड़ित गर्भवती महिलाओं में गंभीर लक्षण विकसित होने का अधिक जोखिम होता है, जो माँ और बच्चे दोनों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। आमतौर पर बीमारी की शुरुआत में



NS1 एंटीजन टेस्ट या बुखार शुरू होने के चार दिनों के बाद डेंगू।

gM टेस्ट के माध्यम से निदान किया जाता है। डेंगू से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है, अधिमानतः गंभीर देखभाल विकल्पों से सुसज्जित सुविधाओं में।

फर्नांडीज अस्पताल की मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. तारकेश्वरी ने इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहा कि "2019 में प्रकाशित एक श्रृंखला ने गर्भावस्था में डेंगू से उत्पन्न होने वाली जटिलताओं का विश्लेषण किया। फर्नांडीज हॉस्पिटल्स में बहु-विषयक टीमों द्वारा प्रबंधित प्रोटोकॉल-आधारित दृष्टिकोण का पालन करते हुए, हमने पिछले पांच वर्षों में 300 से अधिक मामलों में मातृ मृत्यु दर को सफलतापूर्वक टाला है।

यह उपलब्धि डेंगू से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए सक्रिय और व्यापक देखभाल की प्रभावशीलता को रेखांकित करती है। स्थापित दिशा-निर्देशों का पालन करके और प्रभावी निवारक और प्रबंधन रणनीतियों को लागू करके, हम माताओं और उनके शिशुओं दोनों के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

# 'जब तक प्रज्ज्वल को वापस नहीं ले आते, तब तक हम रुकेंगे नहीं', ब्लू कॉर्नर नोटिस पर बोले गृह मंत्री

**बंगलूरू 17 मई**
**(एजन्सी),**

------------------------------




कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शुक्रवार को कहा कि हासन से सांसद और यौन शोषण मामले में आरोपी जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने की कोशिशें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि एसआईटी मामले की जांच कर रही है और जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने का गंभीर आरोप है। कर्नाटक के सेक्स स्कैंडल से राज्य की राजनीति में हंगामा जारी है।

गृह मंत्री बोले- हम अपना काम कर रहे

प्रज्ज्वल रेवन्ना बीती 27 अप्रैल को जर्मनी के लिए रवाना हुए थे और ऐसा माना जा रहा है कि वे अभी भी जर्मनी में ही हैं। प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। इस पर कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा 'प्रज्ज्वल को वापस लाने की प्रक्रिया चल रही है। जब तक हम उन्हें वापस लाकर कानून के तहत कार्रवाई नहीं करेंगे, तब तक हम नहीं रुकेंगे।' भाजपा का आरोप है कि प्रज्ज्वल के विदेश भागने के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। इन आरोपों पर गृह मंत्री ने कहा कि 'वे जो चाहे कह सकते हैं, वे हमारे लिए अच्छा नहीं कहेंगे, लेकिन बतौर सरकार हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसे मामले हल्के में न लिए जाएंगे और हम अपना काम कर रहे हैं।'

कुमारस्वामी के आरोपों पर क्या बोले गृह मंत्री

जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस सरकार देवेगौड़ा परिवार की छवि को बदनाम करने की कोशिश कर रही है और सरकार की पीड़ितों को न्याय दिलाने पर ध्यान नहीं है।

कुमारस्वामी ने ये भी आरोप लगाया कि मामले की जांच से जुड़ी हर जानकारी मंड्या के कांग्रेस विधायक के पास भेजी जाती है न कि गृह मंत्री को।' कुमारस्वामी के आरोपों पर जी परमेश्वर ने कहा कि 'कुमारस्वामी भी ये बात जानते हैं कि कई चीजें सार्वजनिक नहीं की जातीं क्योंकि अभी जांच चल रही है।

मंड्या के विधायक को कौन जानकारी देगा? ऐसे आरोप लगाना आसान है। हमारी जिम्मेदारी है और हम किसी बिना पूर्वाग्रह के जांच कर रहे हैं। एसआईटी या तो मुझे जानकारी देगी या फिर सीएम को। इसमें किसी को कोई शक नहीं होना



# एलायंस क्लब की बैठक आयोजित



करीमनगर 17 मई (एजन्सी),

------------------------------

एलायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 137ए करीमनगर जिला कैबिनेट की स्थापना के लिए एक तैयारी बैठक करीमनगर के होटल संप्रदाय में आयोजित की गई।

आईसीसी के अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और एली कोन्जेर्ला महेश, वीडीजी-2 द्वारा शुरू किए गए नए क्लबों का मार्गदर्शन किया। इन क्लबों में सरस्वती नगर और श्रीनगर कॉलोनी क्लब शामिल हैं।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 19 मई को शाम 4 बजे से करीमनगर के कोतीरामपुर में अचीवर्स एक्टिव हाई स्कूल में जिला कैबिनेट स्थापना आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन में पीएसटी प्रशिक्षण, मेरलो और जिला निर्देशिका का विमोचन शामिल होगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में एली इंजीनियर कोला अन्ना रेड्डी, एली, इंजीनियर एडा कुमार स्वामी, एली गालीपेल्ली नागेश्वर, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एली चेरमाला वेंकटेश्वरलू, एली श्रीनिवास गांधी, वी.डी.जी-1, एली कोन्जेरला महेश, वीडीजी-2, एली एस प्रसाद, एली सोमरापु वेंकटेश्वरलु, एली पुलेला श्याम, एली रेणुका, एली कन्नम्बा, एली नाज़िया, एली विश्वमुख चारी, एली श्रीनिवास, सहयोगी नागराजू, एली श्रीनाथ, एली रामचंद्रम, एली भास्कर रेड्डी, एली नरसिम्हा रेड्डी, एली सत्तैया चारी, एली हनुमांडुलु और अन्य उपस्थित थे।

# मानु में एम.सी.ए., एम.टेक., बी.टेक. प्रवेश शुरु

हैदराबाद 17 मई (एजन्सी),

------------------------------

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय मानु .) के कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी (सी.एस.एंड.आई.टी.) विभाग की स्थापना वर्ष 2011 में की गई थी। वर्तमान में विभाग प्रवेश आधारित नियमित कार्यक्रमों बी.टेक., बी.टेक. (लेटरल एंट्री), एम.सी.ए., एम.सी.ए. (लेटरल एंट्री), एम.टेक. और पी.एच.डी. में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र स्वीकार कर रहा है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई, 2024 है। सी.एस.एंड.आई.टी. विभाग के प्रमुख प्रो. प्रदीप कुमार के अनुसार, बी.टेक. के लिए प्रवेश क्षमता 60 है, बी.टेक. (लेटरल एंट्री) में 8 सीटें हैं, एम.टेक. (कंप्यूटर साइंस) में 30 और एम.सी.ए. में भी 30 सीटें हैं जबकि एम.सी.ए. (लेटरल एंट्री) में उपलब्धता के अधीन सीमित सीटें हैं। उर्दू विश्वविद्यालय से इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण छात्रों ने रोजगार पाने में सफलता प्राप्त की है, जबकि कई छात्र अंग्रेजी माध्यम से आगे की पढ़ाई के लिए यूरोप और अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में गए हैं।

ऑनलाइन आवेदन पत्र और प्रॉस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.manuu.edu.in के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 9866802414 और 040-23120600 (एक्सटेंशन: 3603, 3610) पर संपर्क करें।

# 10 जून तक अम्मा आदर्श स्कूलों के काम पूरे हो - कलेक्टर राजर्षि शाह



आदिलाबाद 17 मई (एजन्सी),

------------------------------

जिला कलेक्टर राजर्षि साहने अधिकारियों को अम्मा आदर्श विद्यालय समिति द्वारा किए जाने वाले न्यूनतम बुनियादी ढांचे के कार्यों को 10 जून तक पूरा करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में विद्या, पंचायत, डीआरडीओ, सीईओ, नगर निगम, पीआर, डीएलपीओएस, ईई, डीईई, एईई, पेंटिंग एजेंसियों के साथ अम्मा आदर्श में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

इस अवसर पर कलेक्टरने कहा कि जिले में अम्मा आदर्श विद्यालय समिति द्वारा चयनित कुल 678 में से 668 समितियों का गठन कर खाता खोला गया है. सरकारी स्कूलों में पेयजल, शौचालय, बिजली, पेंटिंग, बेंच की सुविधा. उन्होंने कहा कि स्कूल में ग्रीन चॉक बोर्ड, बड़ी छोटी मरम्मत और बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किये जाने वाले कार्यों को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए।

अम्मा आदर्श विद्यालयों में किये जा रहे कार्य गुणवत्ता से समझौता किये बिना किये जायें। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पेयजल की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि स्कूलों में दरवाजे, खिड़कियां, फर्श आदि की मरम्मत कराई जाए और जहां शौचालय नहीं हैं वहां नए शौचालय बनवाए जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में काम लेने से पहले उसकी फोटो खींच लें और काम लेने के बाद उसे भेजें। इस क्रम में उन्होंने प्रत्येक मंडलवार उनके क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की प्रगति के बारे में पूछा और जल्द से जल्द काम शुरू कर 10 जून तक पूरा करने को कहा। बैठक में प्रशिक्षु समाहर्ता अभिज्ञान, डीइओ प्रणीता, संबंधित पदाधिकारी व अन्य शामिल हुए।

# डॉ.कोत्तीरेड्डी मल्लारेड्डी यूनेस्को उद्यमिता शिक्षा सम्मेलन के लिए चयनित



करीमनगर 17 मई (एजन्सी),

------------------------------

यूनेस्को उद्यमिता शिक्षा नेटवर्क (ईई-नेट) में सहयोग बढ़ाकर युवाओं के लिए प्रभावी उद्यमिता शिक्षा रणनीति विकसित करने पर एक शैक्षिक सम्मेलन 10 और 11 अक्टूबर 2024 को ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।

करीमनगर एसआरआर शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. कोत्तीरेड्डी मल्लारेड्डी ने कहा कि यूनेस्को ने उन्हें बैठक के लिए निमंत्रण भेजा है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में 21वीं सदी की अनिश्चितताओं से निपटने और युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों से उबरने के लिए उद्यमिता शिक्षा के लिए आवश्यक नवीन उद्यमिता शिक्षा नेटवर्क (ईई-नेट) कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही अनुकूलनशीलता, लचीलापन और भविष्य की गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास के लिए शिक्षा और नवाचार (एपीईआईडी) के यूनेस्को एशिया पेसिफिक कार्यक्रम का शीर्षक, सम्मेलन उद्यमशीलता गतिविधियों में प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने, युवा उद्यमिता, इनक्यूबेटर, एक्सेलेरेटर, सह-कार्यस्थल और अन्य युवा-उन्मुख सरकारी पहलों के लिए सहायक पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित होगा।

युवा उद्यमिता के लिए सहायक, इको-सिस्टम के निर्माण के लिए दिशानिर्देशों पर चर्चा की जाएगी और उन्हें क्रियान्वित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती सामाजिक आवश्यकताओं और समस्याओं को हल करने के लिए छात्रों में आलोचनात्मक सोच और नेतृत्व कौशल विकसित करना और उनके द्वारा बनाए गए नए स्टार्ट-अप के माध्यम से रोजगार प्रदान करना ताकि युवा उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल और अवसर प्रदान किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मानसिक लचीलेपन को बढ़ावा देना और सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के नए तरीकों की खोज करके सतत विकास की दिशा में काम करना है।

यूनेस्को बैठक हेतु डॉ.कोत्तीरेड्डी मल्लारेड्डी के चयन पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कल्वाकुंटा रामकृष्ण, तेलंगाना सरकारी कॉलेज राजपत्रित संकाय संघ के प्रदेश महासचिव डॉ. के.के. सुरेंद्र रेड्डी, स्टाफ सचिव डॉ. ए. श्रीनिवास, जिला प्रभारी डॉ. जी. श्रीनिवास, उप प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार, टी. राजैया, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।


**बधाई विज्ञापन**

अपने प्रिय जनों को दीजिए विशेष अवसर पर बधाई संदेश
हिंदी डेली समाचार पत्र के माध्यम से

* जन्मदिन की शुभकामनाएं
* विवाह के वर्षगांठ की शुभकामनाएं
* परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं
* विशेष अवसर की सफलता पर
* अन्य किसी प्रकार की शुभकामनाएं

साईज

हिंदी डेली
आपकी बात- हमारे साथ
हैदराबाद से प्रकाशित डेली हिंदी समाचार पत्र
संपर्क सूत्र
9290445631, 9666641609
dailyhindihyd@gmail.com










Printed,Published,Edited & Owned by Sandesh B. Bharadwaj Printed at RK Art Printers, AP HB Shop , Vidhya Nagar, Hyderabad ( T.S.) 504001.Published from HO No 2-2-1103/5/3A,Himyathnagar, Hyderabad ( T.S.) RNI APHIN/2009/29553 500027. E-mail: dailyhindihyd@gmail.com, Website- hindidaily.net